INS ACCREDITED
यूनिकॉम एडवरटाइजिंग
Email: info@unicomadvertising.com
www.unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

डीएवीपी (केन्द्र सरकार) द्वारा मान्यता प्राप्त-134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28



Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
www.uniquesamay.com



वर्ष-4 | अंक-206 | सांध्य दैनिक | मथुरा, रविवार, 20 सितंबर 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay


## खाद को नहीं लगाने होंगे चक्कर, ऑनलाइन बुकिंग से मिलेगा उर्वरक

### 48 घंटे में उठानी होगी डीएपी-यूरिया, समय निकलते ही बुकिंग होगी निरस्त

### फार्मर रजिस्ट्री वाले जिलों में पायलट प्रोजेक्ट, ई-पॉश मशीनों का बदलेगा वर्जन




**यूनिक समय, मथुरा।** उर्वरक लेने के लिए किसानों को अब दुकानों और सहकारी समितियों के चक्कर लगाने से राहत मिलने की उम्मीद है। शासन ने उर्वरक वितरण व्यवस्था में बदलाव की तैयारी शुरू कर दी है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद किसानों को डीएपी और यूरिया लेने से पहले ऑनलाइन बुकिंग करनी होगी। बुकिंग होने के बाद किसान को संबंधित दुकान या सहकारी समिति से 48 घंटे के भीतर खाद उठानी होगी। निर्धारित अवधि में उर्वरक नहीं लेने पर बुकिंग स्वतः निरस्त हो जाएगी। कृषि विभाग और सहकारिता विभाग के अधिकारियों के अनुसार, प्रदेश के जिन जिलों में फार्मर रजिस्ट्री का काम लगभग पूरा हो चुका है, वहां नई व्यवस्था को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया जा रहा है। मथुरा में भी इसे लागू करने की तैयारी है। व्यवस्था शुरू करने से पहले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अधिकारी ब्लॉक स्तर के कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगे। इसके बाद किसानों को भी ऑनलाइन बुकिंग की प्रक्रिया समझाई जाएगी।

### ई-पॉश मशीनों का बदलेगा वर्जन

नई व्यवस्था के साथ उर्वरक वितरण में इस्तेमाल होने वाली ई-पॉश मशीनों का वर्जन भी बदला जाएगा। एफएमएस एप के माध्यम से किसान उर्वरक लेने के लिए पहले बुकिंग करेंगे। बुकिंग के बाद उन्हें तय समय सीमा में संबंधित विक्रेता या समिति से खाद प्राप्त करनी होगी। इससे उर्वरक की मांग और वितरण की ऑनलाइन निगरानी भी आसान होगी।

### पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हो रही लागू

सहायक आयुक्त सहकारिता अभिषेक मिश्रा ने बताया कि जिन जिलों में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य लगभग पूरा हो चुका है, वहां शासन नई व्यवस्था को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू कर रहा है। मथुरा में भी इसे लागू किया जाएगा। इससे पहले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### 850 दुकानों और 111 समितियों से वितरण

जिले में करीब 850 निजी उर्वरक विक्रेता हैं। इसके अलावा 111 साधन सहकारी समितियों के माध्यम से भी किसानों को खाद वितरित की जाती है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद इन केंद्रों से उर्वरक लेने के लिए किसानों को पहले एफएमएस एप पर बुकिंग करनी होगी। अधिकारियों का कहना है कि ऑनलाइन व्यवस्था से किसानों को खाद की उपलब्धता और वितरण प्रक्रिया की जानकारी समय पर मिल सकेगी।

### दंगल में गोलियों की तड़तड़ाहट से मची भगदड़


## दबंग ने युवक पर बरसाई गोलियां भागते समय गोली लगने से मौत

### पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा आरोपी फरार

### गोलियां चलते ही जान बचाकर भागे दंगल देखने आए लोग

**यूनिक समय, सुरीर।** थाना नौहझील क्षेत्र के गांव मुड़ेलिया में रविवार को कुश्ती दंगल के दौरान अचानक गोलियां चलने से भगदड़ मच गई। गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे।

मुड़ेलिया गांव में पहलवानों की कुश्ती का दंगल आयोजित किया गया था। इसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे थे। बताया गया कि दंगल में गांव का रमनी पुत्र हरीशचंद्र भी मौजूद था। इसी दौरान उसका गांव के किसी युवक से विवाद हो गया। रविवार को दंगल के दौरान युवक ने रमनी पर गोलियां चला दीं। गोलियां चलते ही दंगल में भगदड़ मच गई। बताया गया कि भागने के दौरान रमनी को गोली लग गई और वह जमीन पर गिर पड़ा, उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटना की जांच और आरोपी की तलाश में जुटी है।



गोली लगने से हुई मृत्यु के बाद घटनास्थल पर पड़ा मृतक का शव।

### आय और जन्मतिथि के आंकड़ों में मिली गड़बड़ी, घर-घर सत्यापन शुरू

## 8091 बुजुर्गों की वृद्धावस्था पेंशन पर लगी रोक

### 68,704 बुजुर्गों को मिल रही पेंशन, 1100 से अधिक मृतक हटाए गए



**यूनिक समय, मथुरा।** गरीब और असहाय बुजुर्गों के लिए संचालित वृद्धावस्था पेंशन योजना में बड़ी संख्या में लाभार्थियों का डाटा संदिग्ध मिला है। शासन स्तर पर आधार और राजस्व अभिलेखों के मिलान के दौरान जिले के 8091 ऐसे बुजुर्ग चिन्हित किए गए हैं, जिनकी आय और जन्मतिथि संबंधी विवरण में गड़बड़ी मिली है। कई लाभार्थियों के नाम जमीन संबंधी विवरण भी ज्यादा मिला है।

शासन के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग ने इन सभी का सत्यापन शुरू करा दिया है। फिलहाल चिन्हित लाभार्थियों की पेंशन निदेशालय स्तर से रोक दी गई है।

समाज कल्याण विभाग के अनुसार, जिले में 68,704 बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन दी जा रही है। योजना के तहत पात्र लाभार्थी को प्रतिमाह एक हजार रुपये की पेंशन मिलती है, जिसका भुगतान तीन माह के अंतराल पर खाते में किया जाता है। अब निदेशालय स्तर पर राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) ने आधार और राजस्व अभिलेखों का मिलान किया तो 8091 लाभार्थियों का डाटा संदिग्ध पाया गया।

सत्यापन में मुख्य रूप से लाभार्थियों की जन्मतिथि, आय प्रमाणपत्र, आधार और जमीन संबंधी अभिलेखों की जांच की जा रही है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, कुछ मामलों में उम्र संबंधी विवरण सही नहीं मिला है। वहीं कुछ लाभार्थियों के नाम एक से दो हेक्टेयर तक जमीन होने की जानकारी भी सामने आई है। ऐसे मामलों में पात्रता की वास्तविक स्थिति सत्यापन के बाद स्पष्ट होगी।

### सत्यापन में पात्र मिले तो फिर मिलेगी पेंशन

जिला समाज कल्याण अधिकारी रेनू ने बताया कि चिन्हित संगिदध लाभार्थियों का सत्यापन एडीओ समाज कल्याण, ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारियों के माध्यम से कराया जा रहा है। संबंधित कर्मचारियों को अभिलेखों की जांच कर वास्तविक स्थिति रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। सत्यापन में पात्र पाए जाने वाले लाभार्थियों की पेंशन दोबारा जारी की जा सकेगी। वहीं, बीते वित्तीय वर्ष में हुए सत्यापन के दौरान 1100 से अधिक बुजुर्ग मृत पाए गए थे। इनके नाम भी पेंशन सूची से हटाकर भुगतान रोक दिया गया है। विभाग अब संदिग्ध डाटा के सत्यापन के जरिए अपात्र लाभार्थियों को योजना से बाहर करने की प्रक्रिया में जुटा है।

## गौसेवा से विश्व कल्याण की राह दिखाएगा भारत: भैयाजी जोशी


गौ ग्राम परखम में आयोजित बैठक में शामिल गौशाला संचालकों-कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अक्षयपात्र वृंदावन के अध्यक्ष स्वामी अनंत वीर दास, साथ हैं पूर्व सरकार्यवाह भैयाजी जोशी, अजीत महापात्र।

### गौसेवा बैठक में 650 संचालकों ने साझा किए अनुभव और सुझाव

### प्राकृतिक खेती, पंचगव्य और गौ आधारित उत्पादों पर हुआ मंथन

**यूनिक समय, मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय गौसेवा गतिविधि की तीन दिवसीय बैठक का रविवार को दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र गौग्राम परखम में समापन हुआ। बैठक में देशभर से करीब 650 गौशाला संचालकों और गौसेवा कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। समापन दिवस की शुरुआत पौधारोपण से हुई, जिसमें 300 से अधिक प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इसके बाद अग्निहोत्र और गौपूजन के साथ सत्र शुरू हुआ।

विभिन्न प्रांतों से आए गौशाला संचालकों ने संचालन, संरक्षण और संवर्धन से जुड़े अनुभव और सुझाव साझा किए।

वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने आदर्श गौपालन, पंचगव्य, प्राकृतिक खेती, भूमि सुधार, गौ आधारित उत्पादों के निर्माण पर प्रस्तुतियां दीं। समापन सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सरकार्यवाह भैयाजी जोशी ने कहा कि भारत विश्व कल्याण के लिए कार्य करता है और वर्तमान कठिन दौर में विश्व का मार्गदर्शन करने की क्षमता रखता है। उन्होंने गौसेवा और गौ आधारित गतिविधियों को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचाने का आह्वान किया।


अक्षयपात्र वृंदावन के अध्यक्ष स्वामी अनंत वीर दास ने अध्यक्षता करते हुए गौसेवा को धैर्य और समर्पण का कार्य बताया। बैठक में अजीत महापात्र, शंकरलाल, नवल किशोर, के.ए.एन. राघवन, महेंद्र, धर्मेंद्र, हरिशंकर शर्मा, मनोज, निदेशक सोनपाल, जगदीश, अवधेश, नत्थीलाल, उमेश शर्मा, डॉ. अनुराग शर्मा, विनोद, नरेंद्र, राम पाठक, बृजेश, ऋषभ दीक्षित, देवेंद्र प्रताप, संजय शर्मा, शशिकांत और गोविंद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## न्यू पागल बाबा विद्युत उपकेंद्र में क्षमता वृद्धि सोमवार को आठ घंटे बंद रहेगी बिजली

**यूनिक समय, मथुरा।** केपी विद्युत श्रीधाम वृंदावन के न्यू पागल बाबा विद्युत उपकेंद्र के पावर परिवर्तक नंबर-1 की क्षमता वृद्धि का कार्य सोमवार को किया जाएगा। इसके चलते सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक अभियंता जीपी सिंह ने बताया कि क्षमता वृद्धि का कार्य होने के कारण उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रों में निर्धारित समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

# स्वच्छता की दौड़ में डैंपीयर नगर अव्वल,बलदेवपुरी दूसरे पायदान पर


नगर निगम के वार्ड 49 में सफाई करता नगर निगम कर्मचारी।


स्वच्छता की वजह से चमचमाता दिखाई देता वार्ड बलदेवपुरी ।

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा-वृंदावन नगर निगम क्षेत्र में वार्ड स्तर पर स्वच्छता व्यवस्था को लेकर डैंपीयर नगर ने बेहतर प्रदर्शन किया है। वार्ड नंबर 49 डेम्पीयर नगर को नगर निगम क्षेत्र का सबसे स्वच्छ वार्ड बताया गया है, जबकि वार्ड नंबर 37 बलदेवपुरी दूसरे स्थान पर रहा। दोनों वार्डों में नियमित सफाई, कूड़ा उठान और निगरानी व्यवस्था में बदलाव दिखाई दे रहा है।

डैंपीयर नगर की इस उपलब्धि में वार्ड के पार्षद मनोज कुमार शर्मा की

### नियमित सफाई और निगरानी से बदली वार्ड की तस्वीर, पार्षद की मेहनत रंग लाई

### सफाई कर्मियों की सक्रियता से गलियां चमकीं, कूड़ा उठान व्यवस्था भी सुधरी

सक्रियता और सफाई कर्मियों की नियमित मेहनत का असर भी नजर आ रहा है। गलियों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

कूड़ा उठान के साथ सफाई व्यवस्था की निगरानी भी की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार नियमित सफाई होने से वार्ड का वातावरण पहले की अपेक्षा साफ नजर आ रहा है।

नगर निगम की ओर से समय-समय पर स्वच्छता अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन वार्ड स्तर पर नियमित निगरानी और सफाई कर्मियों की सक्रियता इन अभियानों को प्रभावी बनाने में अहम भूमिका निभाती है। डैंपीयर नगर का पहला और बलदेवपुरी का दूसरा स्थान इसी प्रयास का परिणाम माना जा रहा है।

बलदेवपुरी में भी सफाई व्यवस्था को लेकर किए जा रहे प्रयासों का असर सामने आया है। वार्ड के दूसरे स्थान पर आने से यहां की व्यवस्थाओं को भी पहचान मिली है। अब चुनौती इन वार्डों में बनी बेहतर व्यवस्था को लगातार कायम रखने की है, ताकि स्वच्छता केवल सर्वे तक सीमित न रहकर रोजमर्रा की व्यवस्था का हिस्सा बनी रहे।






# राधाष्टमी पर बहनों संग वृंदावन आया अग्निवीर यमुना में डूबा


अग्निवीर हर्ष बिष्ट

### जुगल घाट पर स्नान करते समय गहरे पानी में पहुंचा 18 वर्षीय हर्ष बिष्ट

### बहनों ने पुलिस पर मदद में देरी का लगाया आरोप एसडीआरएफ का तलाशी अभियान जारी

**यूनिक समय, मथुरा।** राधाष्टमी पर उत्तराखंड के अल्मोड़ा से अपनी दो बहनों के साथ वृंदावन आया 18 वर्षीय अग्निवीर हर्ष बिष्ट रविवार सुबह यमुना में स्नान करते समय गहरे पानी में डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय गोताखोरों ने युवक की तलाश शुरू की। करीब एक घंटे तक स्पीड बोट से भी तलाश की गई, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। बाद में एसडीआरएफ की टीम ने पहुंचकर सर्च अभियान शुरू किया। समाचार लिखे जाने तक युवक की तलाश जारी थी।

### बहनों का पुलिस पर गंभीर आरोप

हर्ष की बहनों का आरोप है कि उन्होंने पुलिस से भाई को बचाने की गुहार लगाई, लेकिन मदद मिलने में देरी हुई। उनके अनुसार पुलिसकर्मी कभी अधिकारियों को फोन करने की बात कहते रहे तो कभी पेट्रोल नहीं होने की बात कही गई। काफी देर बाद पुलिस के साथ एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और तलाशी अभियान शुरू किया। एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोर यमुना में हर्ष की तलाश में जुटे हुए हैं।

बताया गया कि हर्ष बिष्ट अपनी दोनों बहनों के साथ राधाष्टमी पर वृंदावन आया था। रविवार सुबह करीब नौ बजे वह जुगल घाट पर यमुना स्नान करने पहुंचा। उसकी दोनों बहनें घाट किनारे नावों के पास खड़ी थीं, जबकि हर्ष यमुना में स्नान करने लगा। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। भाई को डूबता देखकर दोनों बहनों ने शोर मचाकर मदद की गुहार लगाई। घाट पर मौजूद एक वृद्ध ने तत्काल यमुना में छलांग लगा दी। उसने हर्ष के बाल पकड़कर उसे बाहर खींचने का प्रयास किया, लेकिन पानी अधिक गहरा होने के कारण सफल नहीं हो सका। इसके बाद स्थानीय गोताखोरों ने भी काफी देर तक युवक की तलाश की।

# श्रीराधावल्लभ मंदिर में धूमधाम से मनाया राधाष्टमी महोत्सव

### मंगला आरती में गूंजी प्राकट्योत्सव की बधाइयां पंचगव्य से हुआ महाभिषेक

### दधिकांधा और भव्य चाव में उमड़े देश-विदेश के श्रद्धालु गूंजे जयकारे

**यूनिक समय, वृन्दावन।** प्राचीन श्रीराधावल्लभ मंदिर में शनिवार को श्रीराधाष्टमी महोत्सव हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। श्रीहित हरिवंश महाप्रभु के सेव्य ठाकुर श्रीराधावल्लभ लालजू के श्रीचरणों में श्रीराधाजी के प्राकट्योत्सव का उल्लास सुबह से देर रात तक छाया रहा।

सेवायत जै जै श्रीहित अभय गोस्वामी महाराज ने बताया कि मंगला आरती के समय समाज गायन में श्रीजी के प्राकट्योत्सव की मंगल बधाइयां गाई गईं। मंदिर के पट बंद होने के बाद गर्भगृह में श्रीजी का पंचगव्य से महाभिषेक किया गया। इसके बाद पीत पोशाक धारण कराकर स्वर्णिम श्रृंगार किया गया। विशेष


श्रद्धालुओं को दर्शन देते श्रीराधावल्लभ।

दर्शन और श्रृंगार आरती के दौरान ब्रजवासियों का पारंपरिक दधिकांधा हुआ। दोपहर में सेवायतों ने दूध, दही, हल्दी और केसर से दधिकांधा की परंपरा निभाई। इसमें सेवायतों, शिष्यों और भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सायंकाल राजभोग आरती के बाद मंदिर से भव्य बधाई शोभायात्रा (चाव) निकाली गई। इसमें देश-विदेश से आए श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे वृंदावन में भक्ति और उल्लास का वातावरण रहा, राधारानी के जयकारे गूंजते रहे।

# गणपति बप्पा की भव्य झांकी निकालकर किया विसर्जन


विसर्जन से पहले बप्पा की पूजा करते श्रद्धालु।

**यूनिक समय, मथुरा।** छत्ता बाजार स्थित होली गली में महाराष्ट्र गणेश उत्सव समिति द्वारा एक सप्ताह पूर्व स्थापित गणपति बप्पा की शनिवार को धूमधाम से विदाई की गई। समिति के सदस्यों ने ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजों के साथ भगवान गणेश की भव्य झांकी निकाली।

शोभायात्रा में महिला और पुरुष श्रद्धालु भक्ति में झूमते-गाते नजर आए। रास्तेभर रंग-गुलाल उड़ाकर गणपति बप्पा के जयकारे लगाए गए। श्रद्धालु नाचते-गाते गोकुल बैराज स्थित विसर्जन स्थल पहुंचे। यहां विधि-विधान के साथ गणपति प्रतिमा का यमुना में विसर्जन किया गया।

विसर्जन के दौरान 'गणपति बप्पा मोरया, मंगलमूर्ति मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से गणपति बप्पा को विदाई दी और अगले वर्ष फिर आने की कामना की। इस मौके पर अध्यक्ष गोपाल जाधव, उपाध्यक्ष आकाश पाटिल, महामंत्री सुहास पाटील, कोषाध्यक्ष वैभव शिंदे, विनायक माने, जितेंद्र पाटील, संजय माने, संतोष सुतार, संजय देसाई, मारुति यादव, बंटी शिंदे और रघुनाथ माने मौजूद रहे।

# हाइवे पर वर्षों से पड़ा लावारिस ट्रक, हादसे का खतरा

**यूनिक समय, मथुरा।** एनएच-19 हाईवे पर राधा वैली के पास सड़क किनारे वर्षों से खड़ा एक जर्जर और कबाड़ हो चुका ट्रक हादसे को न्योता दे रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, ट्रक लंबे समय से इसी स्थिति में खड़ा है। वाहन की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि अब वह सड़क किनारे कबाड़ के ढेर जैसा दिखाई देता है। कई वर्षों से खड़े इस वाहन को हटाने के लिए अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है।

हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों की लगातार आवाजाही रहती है। ऐसे में सड़क किनारे खड़ा जर्जर ट्रक वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रक के कारण सड़क के पास से गुजरने


सड़क किनारे लावारिस पड़ा ट्रक।

वाले वाहनों को आगे का रास्ता देखने में दिक्कत होती है। रात के समय स्थिति और गंभीर हो जाती है। पर्याप्त रोशनी नहीं होने पर ट्रक से टकराने का खतरा बना रहता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे जैसे व्यस्त मार्ग पर इस तरह लावारिस वाहन का वर्षों तक पड़ा रहना संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। लोगों को आशंका है कि यदि समय रहते ट्रक नहीं हटाया गया तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। उनका कहना है कि प्रशासन को किसी दुर्घटना का इंतजार किए बिना कार्रवाई करनी चाहिए।

स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग

### राधा वैली के पास जर्जर वाहन बना परेशानी रात में बढ़ रहा जोखिम

### सड़क किनारे कबाड़ वाहन से यातायात हो रहा प्रभावित, स्थानीय लोगों ने कार्रवाई की मांग

और प्रशासन से जर्जर ट्रक को तत्काल हटवाने की मांग की है। उनका कहना है कि वाहन हटने से हाईवे किनारे यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और संभावित दुर्घटना का खतरा भी कम होगा। लोगों ने प्रशासन से मौके का निरीक्षण कर जल्द कार्रवाई करने की अपील की है।




# पुलिस मुठभेड़ में चेन स्नेचर को लगी गोली

## अभियुक्त का है लंबा चौड़ा इतिहास, दर्ज हैं 47 मुकदमें

## पुलिस ने बरामद की दो चेन, देशी तमंचा कारतूस और बाइक


पुलिस मुठभेड़ में घायल हुए बदमाश को ले जाती पुलिस।

**यूनिक समय, मथुरा।** गोवर्धन पुलिस की एक चेनस्नेचर के साथ मुठभेड़ में हो गई। पुलिस की गोली लगने से चेनस्नेचर घायल हो गया। पुलिस को उसके पास से दो चेन और एक हजार रुपये से अधिक की नकदी, देशी तमंचा- कारतूस और घटना करने में प्रयुक्त बाइक भी बरामद हुई है।

थाना प्रभारी गोवर्धन विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि वह एसओजी टीम प्रभारी संदीप कुमार, उप निरीक्षक शरद कुमार त्यागी,चौधरी सत्येंद्र सिंह और पुलिस टीम के साथ बीती रात बरसाना बाईपास मार्ग पर ई–रिक्शा मार्ग पर नाले की पुलिया के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच वहां बाइक पर आते एक युवक को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देख कर बाइक की गति और तेज कर सवार वहां से भागने लगा। पुलिस ने भी उसका पीछा किया। बाइक आगे चलकर गिर गई।

पुलिस को पीछे आता देख उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। पुलिस की गोली उसके पैर में लगी। पुलिस ने मौके से उसे घायलावस्था में गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस को तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक देशी तमंचा कारतूस के अलावा दो पीली धातु की चेन एक हजार एक सौ नब्बे रुपये, एक मोबाइल फोन और अपाचे बाइक बरामद हुई है। घायल बदमाश ने पुलिस को बताया कि उसका नाम नीरज उर्फ नरेंद्र निवासी गांव राल थाना जैंत है। वर्तमान में वह तिरखा कॉलोनी निकट चर्च बल्लभगढ़, फरीदाबाद हरियाणा में रह रहा है।

पुलिस के अनुसार, उसके पास से बरामद दोनों चेन उसने 18 सितंबर को गोवर्धन परिक्रमा मार्ग से और दूसरी 19 सितंबर को वृंदावन परिक्रमा मार्ग से छीनी थी। पुलिस ने घायल बदमाश को हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया। गिरफ्तार अभियुक्त का लंबा चौड़ा अपराधिक इतिहास है। उस पर 47 अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## मारपीट कर मोटरसाइकिल ले जाने का आरोप, चार लोगों के खिलाफ मुकदमा

**यूनिक समय, मथुरा।** हाईवे थाना क्षेत्र में मारपीट कर मोटरसाइकिल ले जाने और धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर गुड्डू सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। वारदात 19 सितंबर की शाम करीब साढ़े चार बजे नौंवा रोड स्थित निर्माणाधीन कॉलोनी के पास घटना हुई।

प्राथमिकी के अनुसार, गुड्डू सिंह का बेटा ललित और भतीजा कृष्णा मोटरसाइकिल से जा रहे थे। आरोप है कि मोहित, बंटी, पवन और एक अन्य पवन ने दोनों को रोक लिया। इसके बाद उनके साथ मारपीट की गई और तमंचे की बट और बेल्ट से हमला करने का आरोप है। आरोपित जबरन मोटरसाइकिल लेकर चले गए।

शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने हस्तक्षेप कर ललित को छुड़ा लिया, जबकि कृष्णा को आरोपित अपने साथ ले गए। बाद में परिजनों ने तलाश शुरू की और घायल अवस्था में कृष्णा के मिलने की बात तहरीर में कही गई है। आरोप है कि घटना का वीडियो बनाए जाने और जान से मारने की धमकी दी गई। घटना के बाद ललित और कृष्णा के मोबाइल फोन भी गायब बताए गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




# यमुना एक्सप्रेस–वे पर हुई दो दुर्घटनाओं में दो की मौत

## दो लोग हुए घायल पुलिस ने हॉस्पिटल में कराया भर्ती

**यूनिक समय, सुरीर, मथुरा।** यमुना एक्सप्रेस-वे पर कैंटर ट्रक के टायर बदलने के दौरान तेज गति से आती दूसरे कैंटर ट्रक ने दो लोगों को रौंद दिया। दुर्घटना में घायल हुए दो लोगों की मौत हो गई। इसके बाद प्रातः दूसरा कैंटर ट्रक खराब गाड़ी से टकरा गया। दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए।

थाना नौहझील क्षेत्र स्थित यमुना एक्सप्रेस-वे पर माइल स्टोन संख्या 64.500 पर नोएडा से आगरा की ओर जाने वाली लेन पर कैंटर ट्रक का अचानक टायर फट गया। गाड़ी का टायर फटने पर चालक ने उसे रोक दिया। इसके बाद फटे टायर को बदलने के लिए हरपाल(40) निवासी गाजियाबाद और भीम सिंह निवासी खिदान, बागपत टायर बदल रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आती दूसरे कैंटर ट्रक ने टायर बदल रहे दोनों को रौंद दिया। दुर्घटना में दोनों लोग बुरी तरह से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज हरेंद्र सिंह तोमर मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस से हॉस्पिटल पहुंचाया। बताया गया कि हॉस्पिटल ले जाने के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। चिकित्सक ने दोनों का परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को यह जानकारी कैंटर चालक विश्वनाथ निवासी गाजियाबाद ने दी। पुलिस ने दुर्घटना में मृत दोनों लोगों के शवों का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया कि दुर्घटना स्थल से करीब 300 मीटर आगे दुर्घटनाग्रस्त खड़े कैंटर से एक दूसरे ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में हनी गुप्ता(18) निवासी बरुआ, हमीरपुर और दूसरी गाड़ी का क्लीनर विशाल लोधी निवासी मुरैना मध्य प्रदेश घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी नौहझील पर ले जाकर भर्ती कराया।

# एक्सप्रेस–वे पर खराब खड़ी डीसीएम से बाइक टकराई

## दो लोग हुए घायल पुलिस ने पहुंचाया हॉस्पिटल

**यूनिक समय, सुरीर, मथुरा।** यमुना एक्सप्रेस-वे पर खराब खड़ी टाटा की टीसीएम गाड़ी से बाइक टकरा गई। दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने हॉस्पिटल पहुंचाया।

पुलिस के अनुसार, बीती रात यमुना एक्सप्रेस- वे के माइल स्टोन संख्या 63 पर जा रही डीसीएम के अचानक गेयर फेल हो गए। चालक ने गाड़ी को सड़क किनारे रोक कर खड़ा कर दिया। बताया गया कि इसी बीच पीछे से आती बाइक डीसीएम से टकरा गई। दुर्घटना में बाइक सवार मायादीन और वर्धानी निवासी रेहेलिया, महोबा घायल हो गए। दुर्घटना का पता लगने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया।

# पुलिस ने दो साल के बच्चे को माता–पिता से मिलाया

**यूनिक समय, मथुरा।** राजकीय रेलवे पुलिस ने मथुरा जंक्शन के प्लेट फॉर्म संख्या आठ से दो साल के बच्चे को बरामद किया। काफी मशक्कत के बाद बच्चे के परिवार को तलाश कर बच्चा उसे सौंप दिया। बच्चा मिलने पर परिवारीजनों ने पुलिस की तारीफ की। थाना प्रभारी निरीक्षक जीआरपी मथुरा जंक्शन प्रदीप कुमार पुलिस फोर्स के साथ स्टेशन पर ट्रेनो से होने वाली तस्करी और प्लेटफॉर्म सहित अन्य स्थानों पर होने वाली अपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए गश्त कर रहे थे। इसी बीच प्लेटफॉर्म संख्या आठ पर एक दो साल के बच्चे को रोता हुआ अकेला देख कर पुलिस टीम ने बच्चे को अपने साथ लिया और प्लेटफॉर्म पर बच्चे को माता पिता की तलाश किया गया, लेकिन बच्चे के माता पिता के न मिलने पर बच्चे को थाने ले आया गया। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने बच्चे के माता पिता को कई घंटे तलाश किया, इसके बाद बच्चे का माता-पिता का पता लग गया। परिवार के लोगों ने बच्चे को सुरक्षित देख कर राहत की सांस ली। पुलिस ने बच्चे को उसके परिवार को सौंप दिया। पुलिस के इस कार्य के लिए परिवार के लोगों ने प्रशंसा की।

# टेंट हाउस गोदाम में अज्ञात व्यक्ति ने लगाई आग, सामान जलकर राख

**यूनिक समय, गोवर्धन।** थाना क्षेत्र में एक टेंट हाउस के गोदाम में अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगाए जाने का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में ब्लॉक के पास रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है।

सुघड़ सिंह गौड़ीय मठ राधाकुंड रोड गोवर्धन स्थित सरपंच टेंट हाउस की दुकान चलाते हैं। उन्होंने बताया कि सात सितंबर की रात करीब 12 बजे टेंट हाउस के गोदाम में किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। आग लगने से गोदाम में रखा सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना तत्काल 112 नंबर पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। पीड़ित के अनुसार घटना के बाद से आरोपी का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हत्या के प्रयास में गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** राया पुलिस ने हत्या के प्रयास में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त रामू उर्फ रामवीर निवासी नगला हरी थाना राया हत्या के प्रयास के एक मुकदमे में वांछित चल रहा था। पुलिस को उसके बारे में सूचना मिली कि वह बरेली-जयपुर हाईवे बल्देव रोड फ्लाईओवर के समीप है। पुलिस ने फ्लाई ओवर के नीचे से गिरफ्तार कर लिया।

**यूनिक समय**

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।

**कार्यालयः**- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।

संपादक-पवन गौतम

**फोन नंबर-0565-3550761**

**मो. 9837155888**

E-mail : uniquesamaynews@gmail.com

website : uniquesamay.com

RNI-UPHIN/2023/85053

DAVP-: 134220

डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026–28

सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।

## अवैध तमंचा–कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना जैंत पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 20 सितंबर की रात पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि राया बाटी रोड पर एक व्यक्ति अवैध असलहा लेकर खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने पूछताछ में युवक की पहचान मनीष निवासी कुम्हार मोहल्ला जैंत के रूप में बताई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा .315 बोर और एक जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया।



# फरह में सरकारी जमीनों पर कब्जों की होड़, जिम्मेदार मौन

**यूनिक समय, फरह।** कस्बा और आसपास सरकारी जमीनों पर कब्जे को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। ग्राम पंचायत, नजूल और विभिन्न सरकारी विभागों की जमीनों पर कथित रूप से कब्जे किए जाने का आरोप है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की निष्क्रियता से कब्जाधारियों के हौसले बढ़ रहे हैं। कई मामलों में संबंधित जमीनों को लेकर विवाद न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद मौके पर कब्जे की गतिविधियां जारी रहने की बात कही जा रही है।

कस्बे के बस स्टेशन, पथवारी मंदिर, धीमरपाड़ा, सारस्वतपाड़ा और

## बस स्टेशन से शाही सराय तक सरकारी जमीनों पर कब्जे के आरोप

## सहकारी संघ की जमीन पर कब्जा, कार्रवाई के नाम पर पुलिस मौन

शाही सराय सहित कई मोहल्लों में सरकारी जमीनों पर कब्जे के मामले चर्चा में हैं। चटसाल मुहल्ला और अन्य क्षेत्रों में भी पूर्व में किए गए कब्जों को लेकर शिकायतें अधिकारियों तक पहुंच चुकी हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि आला अधिकारियों के निर्देश के

### न्यायालय में मामला, फिर भी कब्जे का आरोप

कई जमीनों को लेकर न्यायालय में वाद चल रहे हैं। इसके बावजूद मौके पर निर्माण अथवा कब्जे की गतिविधियां किए जाने के आरोप हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पंचायत और संबंधित विभागों को शिकायतों की जानकारी होने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। पुलिस द्वारा मामलों को राजस्व विवाद बताकर कार्रवाई से बचने के आरोप भी लगाए जा रहे हैं।

### सहकारी संघ की जमीन पर लगातार कब्जा

सहकारी संघ के सामने स्थित जमीन को लेकर सहकारिता विभाग और एक व्यक्ति के बीच विवाद चल रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, दोनों पक्षों की ओर से न्यायालय में मामला चल रहा है और स्थगन आदेश से संबंधित स्थिति है। इसके बावजूद जमीन पर कब्जे हो रहा है। सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त अभिषेक मिश्र ने बताया कि कब्जा रुकवाने के लिए थाना प्रभारी को कहा गया है, संबंधित अभिलेख भी उपलब्ध कराए गए हैं। उन्हें जानकारी मिली है कि सहकारी संघ की जमीन पर कब्जे की गतिविधि चल रही है। स्थानीय पुलिस से अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने पर अब एसएसपी से मामले में बात की जाएगी।

बावजूद कई मामलों में जमीनों को कब्जा मुक्त नहीं कराया गया। कुछ मामलों में सरकारी विभागों को दान में मिली जमीनों पर भी कथित दस्तावेजों के आधार पर दावे किए जाने की बात सामने आई है।



स्व. सुरजीत कौर

दसवीं पुण्यतिथि

सम्मुख नही आप हमारे, हृदय में आपका वास है।
मुस्कुराता हुआ चेहरा आपका, हमारी खुशियों की आस है।
प्रेम पाया जो आपसे, वो खुशी बनकर हमारे पास है।

आज आपकी दसवीं पुण्यतिथि पर हम सभी परिवारीजन आपको हार्दिक श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हैं

श्रद्धानवत्:-
सरदार गुरबचन सिंह (पति)
डॉ. जुगिंदर पाल सिंह-रैना डंग (पुत्र-पुत्रवधू)
पवनदीप कौर-जसमीत सिंह ओबेरॉय (पुत्री-दामाद)
ब्रह्मदीप, मनसिंमर, गुरउसतत (पौत्र) अरोड़ा, नंदा, डंग परिवार
C-29, कृष्णा नगर, मथुरा


# जायंट्स वेस्ट ने जिला अस्पताल में मरीजों को बांटे फल



जिला अस्पताल में मरीजों को फल बांटतीं जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा वेस्ट की पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा वेस्ट की ओर से जिला अस्पताल में मरीजों के लिए फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सीएमएस डॉ. नीरज अग्रवाल ने विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए। उन्होंने संस्था के सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मरीजों के प्रति संवेदना और सहयोग का भाव समाज के लिए प्रेरणादायी है। कार्यक्रम के आरंभ में प्रथम महिला अर्चना अग्रवाल, रेनू चावला, सुमनलता शर्मा और नीता मित्तल ने मुख्य अतिथि का बुके देकर स्वागत किया। पूर्व अध्यक्ष जगदीश

## सीएमएस डॉ. नीरज अग्रवाल ने सेवा कार्य की सराहना की

चावला, कार्यक्रम संयोजक राजेश मित्तल, अनिल शर्मा एडवोकेट और बृजेश सिंघल ने सीएमएस को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन भावना अरोड़ा ने किया। अंत में भूपेंद्र अग्रवाल ने सभी का आभार जताया। इस दौरान दिनेश गर्ग, रमनलाल गुप्ता, रवि अरोड़ा, नितिन वार्ष्णेय, अमन शर्मा, जितेंद्र सिंह, कमल अरोड़ा और निधि-जगदीश तोमर सहित सदस्य मौजूद रहे।

# अरनव चौधरी बने भाकियू के जिलाध्यक्ष



अरनव चौधरी का स्वागत करते समर्थक आदि।

**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन (चौधरी चरण सिंह विचारधारा) ने एडवोकेट अरनव चौधरी को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति पर अरनव चौधरी ने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और किसान भाइयों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष का पद उनके लिए केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि किसानों की आवाज को मजबूती से उठाने का संकल्प है। वह पूरी ईमानदारी, मेहनत और निष्ठा के साथ किसानों के हित में काम करते हुए संगठन को मजबूत करने में योगदान देंगे। नियुक्ति के दौरान सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस

## किसानों की आवाज मजबूती से उठाने का लिया संकल्प

## ईमानदारी और निष्ठा से संगठन मजबूत करने पर जोर

अवसर पर सोनू फौजी, बॉबी ठाकुर, अमर कुमार, बीके चौधरी, जगदीश चौधरी और प्रवीण चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अरनव चौधरी का स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

# जायंट्स के रक्तदान शिविर में 23 यूनिट रक्तदान




ब्लड सेंटर पर रक्तदान करते जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा के सेवा सप्ताह के चौथे दिन मसानी पेट्रोल पंप के निकट स्थित बृजवासी चैरिटेबल ब्लड सेंटर पर रक्त मित्र रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक अग्रवाल ने श्रीकृष्ण की छवि के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया।

शिविर में प्रदीप फौजदार, मिताली फौजदार, शैलेश दुबे एडवोकेट, राजीव गोयल, पीयूष जैन, पवन अग्रवाल 'टीटू', संजीव वर्मा, आशीष अग्रवाल और मुकुंद अग्रवाल सहित रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। कुल 23 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। कार्यक्रम संयोजक-निवर्तमान अध्यक्ष हेमंत अग्रवाल ने रक्तदाताओं का पटुका पहनाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ. अंकुल गोयल का अध्यक्ष प्रदीप फौजदार ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अंशुल अग्रवाल, उमेश जुगसना, डॉ. डी.डी. गर्ग, राम शर्मा एडवोकेट, उमेश गोयल और बीना गर्ग सहित सदस्य मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति टीम ने गुम बच्चे को खोजकर परिवार को सौंपा

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना गोविंदनगर क्षेत्र से तीन साल का बेटा घर के बाहर खेलते-खेलते अचानक गुम हो गया। मशन शक्ति टीम ने तलाश करके उसके परिवार के सपुर्द कर दिया।

बताया गया कि डीग गेट इलाके में रहने वाली एक महिला ने अपने तीन साल के बेट के घर के बाहर खेलने के दौरान अचानक गायब होने की शिकायत थाने पर की। मिशन शक्ति टीम त्वरित बच्चे को तलाश करने के लिए निकल गई। काफी मशक्कत के बाद गुम हुए



गुम बच्चे को परिवार को सौंपने के बाद मौजूद मिशन शक्ति की टीम।

बच्चा टीम को मिल गया। मिशन शक्ति टीन ने बरामद किए गए बच्चे को उसके परिवार को सौंप दिया। परिवार ने मिशन शक्ति टीम प्रशंसा की।

# पानीगांव में बायगीर मेले का हुआ समापन

**यूनिक समय, सुरीर।** पानीगांव में 17 सितंबर से चल रहे करीब ढाई सौ वर्ष पुराने तीन दिवसीय बलदेव छठ बायगीर मेले का रविवार को समापन हो गया। मेले में आसपास के क्षेत्रों के साथ दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर बायगीरों द्वारा कंठमाला और विषवेल के पीड़ितों का थाली की थाप और रामायण की चौपाइयों के बीच निःशुल्क उपचार किया गया।

गंगा मंदिर मेला अखाड़े के विष्णु चौधरी ने बताया कि मेले के दौरान करीब दो हजार कंठमाला और विषवेल पीड़ितों का निःशुल्क उपचार किया गया। वहीं सर्पदंश के करीब छह सौ पीड़ितों के अमरबंद खोले गए। दूसरी ओर हनुमान बगीची बायगीर अखाड़े के महंत गिरवर दास ने बताया कि तीन दिवसीय मेले में बायगीरों ने निःस्वार्थ

## थाली की थाप पर रामायण की चौपाइयों के बीच 12 हजार से अधिक कंठमाला और विषवेल पीड़ितों का निःशुल्क उपचार हुआ

भाव से करीब दस हजार कंठमाला और विषवेल पीड़ितों का निःशुल्क उपचार किया। साथ ही सर्पदंश के करीब सौ पीड़ितों के अमरबंद खोले गए। पानीगांव में तीन दिनों तक अलग-अलग स्थानों पर चले बायगीर मेले में करीब 12 हजार से अधिक कंठमाला और विषवेल पीड़ितों का निःशुल्क उपचार किए गए है। मेले के दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए।

# डूसू जीत पर अभाविप ने मथुरा में मनाया विजयोत्सव

**यूनिक समय, मथुरा।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की जीत के बाद मथुरा विभाग कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने विजयोत्सव मनाया। चुनाव परिणाम सामने आने के बाद कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटी। ढोल-नगाड़ों की थाप पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई और आतिशबाजी की। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया गया।

कार्यक्रम में पूर्व और वर्तमान कार्यकर्ताओं के साथ संगठन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। पूर्व क्षेत्रीय संगठन मंत्री राय सिंह ने कहा कि डूसू चुनाव का जनादेश युवाओं के राष्ट्रवाद और रचनात्मक छात्र नेतृत्व के प्रति



डूसू में परिषद कार्यकर्ताओं की जीत पर जश्न मनाते विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी।

विश्वास को दर्शाता है। प्रांत मंत्री आनंद कठेरिया ने जीत को कार्यकर्ताओं के संघर्ष और विद्यार्थियों के प्रति सेवा भाव का परिणाम बताया।

विभाग संयोजक अमन पांडेय ने कहा कि यह जीत संगठन के 'छात्र शक्ति-राष्ट्र शक्ति' के संकल्प को विद्यार्थियों का समर्थन मिलने का संकेत है। विभाग छात्रा प्रमुख साधना प्रजापति ने छात्राओं की भागीदारी का उल्लेख करते हुए महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण और समान अवसरों को प्रमुख मुद्दा

## मथुरा विभाग कार्यालय पर ढोल-नगाड़ों के बीच कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी

## मिठाई बांटकर मनाया जश्न पदाधिकारियों ने जनादेश को छात्रहित से जोड़ा

बताया।

विजयोत्सव में राकेश चंद्र चतुर्वेदी, देवेंद्र शर्मा, तेजपाल, नरेंद्र सिंह, मुकेश गोस्वामी, अमन शर्मा, ऋषभ बरनवाल, उपेंद्र, मोहित, दिव्यांशु पचौरी, योगेंद्र चौधरी, विनीता शर्मा, कपिल, हिमांशु, सर्वेंद्र, अनमोल और ऋतिक दीक्षित सहित बड़ी संख्या में छात्र-कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सूफी सुरों पर जमकर झूमे श्रोता कवियों ने रातभर बांधा समां

**यूनिक समय, वृंदावन।** दो दिवसीय स्वामी हरिदास संगीत एवं नृत्य महोत्सव के दूसरे दिन सूफी संगीत और कवि सम्मेलन का मनोहारी संगम देखने को मिला। देर रात तक चले कार्यक्रम में कलाकारों और कवियों की प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियों से उत्साह बढ़ाया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीएलए यूनिवर्सिटी के सीएफओ डॉ. विवेक अग्रवाल रहे। संगीत शिरोमणि श्री स्वामी हरिदास समिति के सचिव आचार्य गोपी गोस्वामी ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रियानी वाणी पंडित ने सूफी गायन और आध्यात्मिक भजनों की प्रस्तुति से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। 'कौन कहते हैं भगवान आते नहीं' और 'ऐसी लागी लगन' जैसे भजनों पर श्रोता लय में झूमते नजर आए।


महोत्सव में जीएलए यूनिवर्सिटी के सीएफओ डॉ. विवेक अग्रवाल को सम्मानित करते आचार्य गोपी गोस्वामी।

### वाणी पंडित के भजनों पर झूमे श्रोता, गीतों ने जीता मन

### हास्य, व्यंग्य और वीर रस से सजी काव्य संध्या, कवि सम्मानित

इसके बाद कवि सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी, शशिकांत यादव, स्वयं श्रीवास्तव और शंभू शिखर ने गीत, हास्य, व्यंग्य और वीर रस की रचनाओं से श्रोताओं का मनोरंजन किया। स्वयं श्रीवास्तव के गीत युवाओं को खूब पसंद आए, जबकि शंभू शिखर के हास्य प्रसंगों पर जमकर तालियां बजीं। मध्यरात्रि तक चले कार्यक्रम के अंत में डॉ. विवेक अग्रवाल ने कवियों को सम्मानित किया। इस दौरान नामदेव शर्मा, डॉ. राकेश चतुर्वेदी, लोकेश गर्ग, अतुल श्रीवास्तव, रवि शर्मा, अनूप शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मेजर जनरल ने किया 11 यूपी बटालियन एनसीसी का निरीक्षण



एनसीसी अधिकारियों से जानकारी लेते मेजर जनरल ए.के. अवस्थी।

**यूनिक समय, मथुरा।** 11 यूपी बटालियन एनसीसी के लिए शनिवार का दिन विशेष रहा। स्ट्राइक-1 कोर चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ मेजर जनरल ए.के. अवस्थी ने बटालियन का दौरा कर प्रशिक्षण व्यवस्था, आधारभूत सुविधाओं और एनसीसी गतिविधियों का अवलोकन किया। उनका स्वागत कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विक्रांत त्यागी, सेना मेडल ने किया।

दौरे के दौरान उन्हें बटालियन के लेआउट, उपलब्ध सुविधाओं और ड्रोन प्रशिक्षण सहित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। उन्होंने भविष्य में आवश्यक सुधारों और सुविधाओं के विस्तार को लेकर कमांडिंग ऑफिसर से चर्चा की। इसके बाद उन्होंने स्थायी प्रशिक्षक स्टाफ, एसोसिएट एनसीसी अधिकारियों और सिविलियन कर्मचारियों से संवाद कर उनकी कार्यप्रणाली और अनुभव जाने।

मेजर जनरल अवस्थी ने एनसीसी कैडेट्स से भी सीधे बातचीत की। उन्होंने कैडेट्स के प्रशिक्षण, अनुभव, लक्ष्य और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली और उनके सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास, जिम्मेदारी और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण मंच है। इस अवसर पर उन्होंने बटालियन को आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। कार्यक्रम में कर्नल विकास गिरधर, लेफ्टिनेंट कर्नल विकास मिश्रा समेत सैन्य अधिकारी और एनसीसी स्टाफ मौजूद रहा।

## प्रयास संस्था ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 80 बच्चों का हुआ परीक्षण



शिविर के दौरान चिकितसक को सम्मानित करते आयोजक।

**यूनिक समय, वृंदावन।** प्रयास संस्था ने गरीब और वंचित बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन प्रयास आशायें स्कूल जगन्नाथ मंदिर में किया गया। शिविर में सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. चैतन्य गुप्ता और डॉ. ऐश्वर्या सिंघल गुप्ता ने करीब 80 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर से लाभान्वित बच्चों के अभिभावकों ने खुशी जताई।

शिविर का उद्घाटन जगन्नाथ मंदिर के प्रमुख महंत ज्ञानप्रकाश स्वामी ने किया। उन्होंने कहा कि अभय वशिष्ठ के नेतृत्व में प्रयास संस्था शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। डॉ. चैतन्य गुप्ता ने संस्था के कार्यों की प्रशंसा की। वहीं डॉ. ऐश्वर्या सिंघल गुप्ता ने कहा कि जिन बच्चों को आगे उपचार की आवश्यकता होगी, उनके इलाज के लिए वे हमेशा तैयार हैं।

संस्था अध्यक्ष अभय वशिष्ठ ने कहा कि आशायें स्कूल के चारों केंद्रों पर इसी प्रकार के स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे, जिससे सभी बच्चों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके। कार्यक्रम संयोजक मोहित गुप्ता और सहयोगी राकेश विजय ने कहा कि स्वस्थ बच्चे ही शिक्षा का बेहतर लाभ ले सकते हैं। संस्था सचिव विवेक आचार्य ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर संजीव वर्मा, कान्हा वर्मा, संजय गोस्वामी, सौरभ गौतम, डॉ. सचिन अग्रवाल, अतुल श्रीवास्तव, नीलमणि अरोड़ा, डिंपल शर्मा सहित संस्था सदस्य, अभिभावक और बच्चे मौजूद रहे।

## भक्ति और श्रद्धा के बीच मनाया श्री राधा जन्म महोत्सव

**यूनिक समय, मथुरा।** गोविंद नगर स्थित श्री अलबेली सरकार मंदिर में तीन दिवसीय श्री राधा जन्म महोत्सव भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाया गया। महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर श्री राधारानी के जयकारों और भजन–कीर्तन से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने धार्मिक आयोजनों में भाग लेकर श्रीजी के दर्शन किए और उत्सव का आनंद लिया।

महोत्सव की शुरुआत कलश स्थापना, गणेश पूजन और हरिनाम अखंड संकीर्तन के साथ हुई। राधाष्टमी पर सुबह पांच बजे श्री राधारानी का विधि–विधान से अभिषेक किया गया। दोपहर 12 बजे विशेष श्रृंगार दर्शन कराए गए। श्रीजी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भक्ति भाव में डूबे नजर आए।


जन्मोत्सव के बाद भक्तों को दर्शन देती राधारानी।

### तीन दिवसीय महोत्सव में गूंजे राधारानी के जयकारे, डोला यात्रा में झूमे श्रद्धालु

महोत्सव के दौरान श्रीजी की छाव का डोला शाम पांच बजे गलतेश्वर महादेव मंदिर से निकाला गया। ठाकुर श्री राधा-कृष्ण के स्वरूपों के साथ निकली डोला यात्रा में श्रद्धालु भजन–कीर्तन पर झूम रहे थे। मंदिर परिसर में बाहर से आए कलाकारों और भक्तों ने भक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दीं। भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

महोत्सव के तीसरे दिन बधाई उत्सव के रूप में संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया। राधानुग्रह कृष्णश्रम सेवा धाम ट्रस्ट के सचिव गौरांग शर्मा ने बताया कि यह उत्सव संत श्री कृष्णा मां द्वारा भक्तों को प्रदान की गई परंपरा का हिस्सा है। इसी परंपरा का आज भी निरंतर पालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 77 वां राधा जन्म महोत्सव मनाया गया।

## युवक से मारपीट, दो लोगों के खिलाफ मुकदमा

**यूनिक समय,बरसाना।** आजाद निवासी छाजू का थोक, नंदगांव ने पुलिस को बताया कि 19 सितंबर की रात करीब 10:30 बजे वह अपनी गाड़ी से घर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में सुलमत और प्रेम, निवासी छाजू का थोक ने उसे रोक लिया। आरोप है कि दोनों ने मुकदमा दर्ज कराने को लेकर उससे गाली–गलौज की। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी देकर आरोपी मौके से चले गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खनन को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना मगोर्रा के बछगांव में मिट्टी के खनन को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद में महिला सहित दो लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज चल रहा है। बताया गया कि गांव में मिट्टी के अवैध खनन की शिकायत को लेकर दो पक्षों में हुई कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। मारपीट में एक परिवार की महिला सहित दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। महिला की आंख में अधिक चोट लगी है। इस मामले में अभी तहरीर नहीं दी गई है।

## अवैध तमंचा–कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना जमुनापार पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम देवेन्द्र निवासी सिद्धार्थनगर लक्ष्मीनगर, थाना जमुनापार बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

## युवती को बहला—फुसलाकर ले जाने का आरोप

**यूनिक समय,मथुरा।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के जाटव मोहल्ला औरंगाबाद निवासी एक व्यक्ति ने अपनी करीब 20 वर्षीय पुत्री के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार, 19 सितंबर को दोपहर करीब 1:30 बजे बेटी घर से कुछ रुपये और सोने के आभूषण लेकर चली गई। आरोप है कि थाना जमुनापार क्षेत्र के अलीपुर निवासी सचिन उनकी पुत्री को बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया है। शिकायत में पड़ोसी प्रमोद पर भी मुस्कान को घर से ले जाने में सहयोग करने का आरोप लगाया गया है।

## जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद, कई पर रिपोर्ट

**यूनिक समय,मथुरा।** थाना शेरगढ़ क्षेत्र में जमीन पर जबरन कब्जा करने को लेकर हुए विवाद के मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मजलिस ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि 18 सितंबर की सुबह करीब आठ बजे उसके घर के सामने स्थित खाली प्लॉट पर कुछ लोग जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपितों ने एकजुट होकर लाठी–डंडों और अन्य हथियारों से हमला कर दिया। मारपीट में उसके अलावा उसके परिजनों को चोटें आईं। आरोप है कि हमलावरों ने विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, अज्ञात लोडिंग वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र में एनएच–19 के सर्विस रोड पर हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर घायल हो गया। घटना 16 सितंबर की शाम करीब सात बजे की बताई गई है।

जानकारी के अनुसार, थाना हाइवे की एटीवी के पीछे रहने वाले कृष्णगोपाल का बेटा वरुण चौधरी अपने पड़ोसी अभय के साथ नई एक्टिवा स्कूटी से पानीखेड़ा से घर लौट रहा था। दोनों जब मंडी के पास होटल के सामने पहुंचे, तभी सामने से आ रही टाटा कंपनी की लोडिंग गाड़ी के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए स्कूटी में टक्कर मार दी।

हादसे में स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई और वरुण चौधरी और उसका साथी अभय गंभीर घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों और वाहन चालक की मदद से घायलों को एसएनएमएस अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने वरुण को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद वाहन चालक अस्पताल से फरार हो गया। मामले में कृष्णगोपाल की तहरीर पर थाना हाईवे पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है।



# हजारों नम आंखों ने दी विदाई, बेटे ने दी मुखाग्नि तो गूंजे अमरता के नारे

## 26 साल देशसेवा के बाद शहीद यशवंत को सैन्य सम्मान से दी अंतिम विदाई

### तिरंगे में लिपटा लौटा गांव का लाल, रो पड़ा पूरा कादौना



बलिदानी यशवंत को अंतिम विदाई देते जवान और मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी।



बलिदानी यशवंत का फाइल फोटो।

**यूनिक समय, कोसीकलां।** रविवार सुबह गांव कादौना की गलियों में अचानक सन्नाटा पसर गया। पंजाब बॉर्डर से सेना का वाहन जैसे ही गांव में पहुंचा, उसमें तिरंगे में लिपटे गांव के लाल यशवंत सिंह बैनीवाल का पार्थिव शरीर देखकर हर आंख नम हो गई। 26 साल तक भारतीय सेना में सेवा देकर देश की सीमाओं की रक्षा करने वाला जवान आखिरी बार अपने गांव लौटा था। गम के बीच ग्रामीणों का सिर गर्व से ऊंचा था।

शहीद का पार्थिव शरीर घर के आंगन में रखा गया तो पत्नी सुमन देवी तिरंगे से लिपटकर बिलख उठीं। 21 वर्षीय बड़े बेटे मनीष ने पिता की वर्दी को सीने से लगा लिया, जबकि 16 वर्षीय छोटे बेटे सनेश का रो-रोकर बुरा हाल था। बच्चों की आंखों में पिता को खोने का दर्द देखकर वहां मौजूद सेना के अधिकारियों और ग्रामीणों की आंखें भी नम हो गईं।

दोपहर में शमशान घाट पर अंतिम संस्कार के लिए हजारों ग्रामीण एकत्रित हुए। सेना की टुकड़ी ने सैन्य सम्मान के साथ अपने साथी जवान को अंतिम विदाई दी। कमांडर के आदेश पर जवानों ने हवाई फायर कर शहीद को सलामी दी। इसके बाद 'यशवंत सिंह अमर रहे' और 'जब तक सूरज चांद रहेगा, यशवंत तेरा नाम रहेगा' के नारों से वातावरण गूंज उठा। सेना के अधिकारियों ने चिता पर पुष्पचक्र अर्पित किए। बड़े बेटे मनीष ने पिता को मुखाग्नि दी तो माहौल गमगीन हो गया।

ग्रामीणों ने बताया कि किसान परिवार में जन्मे शेर सिंह के पुत्र यशवंत सिंह बैनीवाल को बचपन से ही सेना में जाने का जुनून था। वर्ष 2000 में वह भारतीय सेना में भर्ती हुए। 26 वर्ष की सेवा के दौरान उन्होंने कारगिल से लेकर पंजाब सीमा तक विभिन्न स्थानों पर देश की सेवा की। साथी जवानों के अनुसार, वह कर्तव्यनिष्ठ और हंसमुख स्वभाव के थे। ड्यूटी के दौरान रात में अचानक हृदयाघात आने से उनका निधन हुआ।

### गांव के मुख्य द्वार और स्कूल के नाम रखने की मांग

ग्राम प्रधान ने कहा कि यशवंत सिंह ने गांव का नाम रोशन किया है। प्रशासन से गांव के मुख्य द्वार और सरकारी स्कूल का नाम शहीद के नाम पर रखने की मांग की जाएगी, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके योगदान को याद रख सकें। मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी ने कहा कि जवान देश की सेवा में अपना जीवन समर्पित करते हैं और उनका योगदान सदैव याद रखा जाता है। अंतिम विदाई के दौरान एसडीएम अखिलेश कुमार, तहसीलदार, कोसीकलां थाना प्रभारी कमलेश कुमार सहित हजारों ग्रामीण मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से परिवार को हरसंभव आर्थिक सहायता और दोनों पुत्रों की शिक्षा का खर्च उठाने का आश्वासन दिया गया। यशवंत पंचतत्व में विलीन हो गए, लेकिन गांव की स्मृतियों में उनकी देशसेवा और बलिदान की कहानी हमेशा जीवित रहेगी।

# कोसीकलां में बंद मकान में लाखों की सेंधमारी

### 24 घंटे बाद भी चोर पुलिस की पकड से दूर

**यूनिक समय, कोसीकलां।** भरतपुरिया पेच इलाके में चोरों के हौंसले बुलंद हैं। यहां एक बंद मकान में ताला तोड़कर चोर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी उडा ले गए। वारदात के 24 घंटे बाद भी पुलिस चोरों का कोई सुराग नहीं लगा पाई है।

मकान मालिक देशराज अपने परिवार के साथ किसी निजी काम से अपने गांव गया था। घर पर ताला लगा था। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने मकान का ताला तोडा और अंदर घुस गए। चोरों ने अलमारी और बक्सों के ताले तोडे और उसमें रखे लाखों के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। जब परिवार लौटा तो घर का नजारा देखकर होश उड गए। पीडित ने तुरंत क थाने में सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, पुलिस की कई टीमें जांच में लगाई गई हैं। पुलिस आसपास के घरों और दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को बारीकी से खंगाल रही है, ताकि चोरों का कोई सुराग मिल सके।

लोगों ने बताया कि पूर्व में भी कई चोरियां हो चुकी हैं, जिनका खुलासा आज तक नहीं हुआ। वहीं इस घटना के बाद मौहल्ले के लोगों में दहशत है। लोगों ने रात में पुलिस गश्त बढाने की मांग की है।


## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किल द्वारा मैसर्स नरसी आयरन एंड स्टील, एक साझेदारी फर्म, जो अपने संघटक साझेदारों के माध्यम से कार्यरत है, और/अथवा उसके उत्तराधिकारी तथा उसके माध्यम से अथवा उसके अधीन दावा करने वाले व्यक्तियों (सामूहिक रूप से "दावेदार") के मथुरा, उत्तर प्रदेश में स्थित अचल संपत्तियों से संबंधित अधिकारों, स्वामित्व, हितों एवं हकदारियों की जांच की जा रही है। उक्त संपत्तियों का विस्तृत विवरण नीचे दी गई अनुसूची में दिया गया है ("अनुसूचित संपत्तियां")। यह जांच प्रस्तावित आतिथ्य परियोजना के संबंध में विधिक एवं स्वामित्व संबंधी समुचित जांच के उद्देश्य से की जा रही है।

उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों के अनुसार, दिनांक ७ फरवरी १९९४ के साझेदारी विलेख, जो दिनांक १ फरवरी १९९४ से प्रभावी हुआ, के अंतर्गत मैसर्स नरसी आयरन एंड स्टील के साझेदारों ने अपनी-अपनी भूमि एवं भवनों को पूंजीगत अंशदान के रूप में साझेदारी फर्म में सम्मिलित किया था। उक्त साझेदारी विलेख में दर्ज है कि अनुसूचित संपत्तियां समस्त भारों से मुक्त होकर साझेदारी फर्म की संपत्ति होंगी, फर्म की मानी जाएंगी तथा उसमें निहित होंगी और प्रत्येक संपत्ति का सहमत मूल्य संबंधित अंशदानकर्ता साझेदार के पूंजी खाते में जमा किया जाएगा।

यदि किसी व्यक्ति, फर्म, कंपनी, वित्तीय संस्था, सरकारी प्राधिकरण अथवा किसी अन्य निकाय का अनुसूचित संपत्तियों अथवा उनके किसी भाग में या उन पर किसी भी प्रकार का कोई अधिकार, स्वामित्व, दावा, मांग, आपत्ति, हित अथवा भार हो, जिसमें स्वामित्व, विक्रय, करार, आवंटन, साझेदारी अधिकार, पूंजीगत अंशदान, साझेदारी फर्म का उत्तराधिकार अथवा कंपनी में परिवर्तन, किसी उत्तराधिकारी निकाय के पक्ष में हस्तांतरण अथवा निहित होना, साझेदार की सेवानिवृत्ति अथवा साझेदारी का विघटन, पट्टा, लाइसेंस, बंधक, प्रभार, ग्रहणाधिकार, विकास अधिकार, कब्जा, सुखाधिकार, विरासत, पारिवारिक समझौता, न्यायालय का आदेश, डिक्री, निषेधाज्ञा, मध्यस्थता, अधिग्रहण अथवा अन्य किसी आधार पर उत्पन्न अधिकार या दावा भी सम्मिलित है, तो ऐसा व्यक्ति अथवा निकाय इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से ६ (छह) दिनों के भीतर अपने दावे अथवा आपत्ति की सूचना समस्त सहायक दस्तावेजों सहित नीचे उल्लिखित पते एवं ईमेल पर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में दे।

यदि उपर्युक्त अवधि के भीतर कोई दावा अथवा आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो हमारे मुवक्किल द्वारा यह मानते हुए आगे की कार्यवाही की जाएगी कि अनुसूचित संपत्तियों के संबंध में किसी भी व्यक्ति का कोई विद्यमान प्रतिकूल दावा, अधिकार, स्वामित्व, हित, आपत्ति अथवा भार नहीं है। निर्धारित अवधि के भीतर सूचित न किया गया कोई भी दावा परित्यक्त माना जाएगा और हमारे मुवक्किल पर बाध्यकारी नहीं होगा।

**अनुसूची**

**अनुसूचित संपत्तियों का विवरण**

मथुरा, उत्तर प्रदेश में स्थित निम्नलिखित समस्त अचल संपत्तियां, जिन्हें दिनांक ७ फरवरी १९९४ के साझेदारी विलेख के अंतर्गत मैसर्स नरसी आयरन एंड स्टील में पूंजीगत अंशदान के रूप में सम्मिलित किया गया बताया गया है:

१. श्री देवी दास गर्ग द्वारा अंशदान की गई संपत्तियां: (क) इंडस्ट्रियल एरिया, साइट-ए, मथुरा में स्थित प्लॉट संख्या ड/१ की लगभग ४,६७४ वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाली पट्टाधृत भूमि; तथा (ख) खसरा संख्या ६३/१, ६३/२, ६३/अ एवं ६३/इ में समाहित लगभग ८.७७ एकड़ क्षेत्रफल वाली फ्रीहोल्ड भूमि, उस पर स्थित समस्त निर्माणों सहित।

२. श्री राजेंद्र कुमार गर्ग द्वारा, राजेंद्र कुमार हिंदू अविभाजित परिवार के कर्ता की हैसियत से, अंशदान की गई संपत्ति: खसरा संख्या ९५ एवं ९६ में समाहित लगभग ५.०४ एकड़ क्षेत्रफल वाली फ्रीहोल्ड भूमि।

३. श्री राजेंद्र प्रसाद द्वारा अंशदान की गई संपत्ति: खसरा संख्या ५०, ५१ एवं ५२ में समाहित लगभग २.८४ एकड़ क्षेत्रफल वाली फ्रीहोल्ड भूमि।

४. श्री राजेंद्र कुमार अग्रवाल द्वारा अंशदान की गई संपत्ति: प्लॉट संख्या १९८१/२, डैम्पियर नगर, मथुरा के भाग में स्थित लगभग १,३६४.८४ वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाली फ्रीहोल्ड भूमि एवं भवन।

५. श्री प्रमिल कुमार द्वारा अंशदान की गई संपत्ति: खसरा संख्या ७४ एवं ९५ में समाहित लगभग ८.६३ एकड़ क्षेत्रफल वाली फ्रीहोल्ड भूमि।

६. श्री दल चंद द्वारा अंशदान की गई संपत्ति: खसरा संख्या ४५ एवं ४९ में समाहित लगभग ६.२२ एकड़ क्षेत्रफल वाली फ्रीहोल्ड भूमि।

७. श्रीमती अमिता गर्ग द्वारा अंशदान की गई संपत्ति: प्लॉट संख्या १९८१/२, डैम्पियर नगर, मथुरा के भाग में स्थित लगभग ३४८ वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाली फ्रीहोल्ड भूमि एवं भवन।

८. श्री संतोष कुमार गर्ग द्वारा अंशदान की गई संपत्ति: प्लॉट संख्या १९८१/२, डैम्पियर नगर, मथुरा के भाग में स्थित लगभग ३४८ वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाली फ्रीहोल्ड भूमि एवं भवन।

उपर्युक्त संपत्तियों से संबद्ध अथवा संलग्न समस्त भवनों, संरचनाओं, निर्माणों, मार्गों, रास्तों, सुखाधिकारों तथा अन्य सभी अधिकारों एवं अनुलग्न सुविधाओं सहित।

**इकबाल ताहिर, अधिवक्ता**
बार काउंसिल नामांकन संख्या: गध/५२/२००७
दुआ एसोसिएट्स, अधिवक्ता एवं सॉलिसिटर्स
७०४-७०५, ग्लोबल बिजनेस पार्क, टावर बी, महरौली-गुड़गाँव रोड,
गुरुग्राम - १२२००२ ई-मेल: iqbaltahir@duaassociates.com


# सब्जी मंडी में वृद्ध महिला के साथ मारपीट

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर की सब्जी मंडी में एक गरीब विधवा वृद्धा के साथ हुई मारपीट की घटना ने सबको झकझोर कर रख दिया है। सब्जी मंडी में तख्त पर फड लगाकर अपने बेटे के साथ चना व अन्य सामान की बिक्री करने वाली एक वृद्धा विधवा महिला को पडोसी फल विक्रेता ने बेरहमी से पीट दिया। मारपीट में वृद्धा के हाथ में चोट आई है। पीडिता ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीडित वृद्धा लक्ष्मी पिछले कई वर्षों से सब्जी मंडी में सरकारी जमीन पर तख्त लगाकर अपने बेटे के साथ चना बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रही है। पीडिता का आरोप है कि पडोस में फल का ठेला लगाने वाले बाप-बेटे साहिल और शरीफ आए दिन उसे परेशान करते हैं। वे जानबूझकर उसकी दुकान के सामने अपना बडा ठेला लगा देते हैं, जिससे उसके ग्राहक प्रभावित होते हैं। पीडिता के अनुसार, रविवार की सुबह जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी बाप-बेटे ने गाली-गलौज शुरू कर दी।

विरोध करने पर दोनों ने मिलकर वृद्धा के साथ धक्का- मक्की और मारपीट कर दी, जिससे वह जमीन पर गिर गई और उसके हाथ में चोट लग गई। बताया जा रहा है कि मारपीट करने वाले बाप-बेटे मुस्लिम समुदाय से हैं, जो काफी समय से वृद्धा को वहां से हटाने का प्रयास कर रहे हैं। वृद्धा ने बताया कि वह इससे पहले भी कई बार पुलिस चौकी और थाने में इसकी शिकायत कर चुकी हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। व्यापारी नेता संजय बठैनिया ने पुलिस से मामले की जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है।

# कोसीकलां में रामलीला महोत्सव को रिहर्सल में जुटे कलाकार

### रामलीला भगवान श्रीराम के जीवन का परिचय है: पं. सत्यनारायण पुरोहित

**यूनिक समय, कोसीकलां।** दशहरा पर्व के नजदीक आते ही नगर में रामलीला महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। तालाबशाही स्थित राम भवन पर प्रतिदिन शाम को रामलीला में पात्र निभाने वाले कलाकार अपनी रिहर्सल में जुटे हुए हैं।

रामलीला की सभी तैयारियां लीला निर्देशक पंडित सत्यनारायण पुरोहित के निर्देशन में हो रही हैं। उनके निर्देशन में राम, लक्ष्मण, सीता, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान और रावण सहित अन्य अपने संवादों और अभिनय का अभ्यास कर रहे हैं। पंडित सत्यनारायण पुरोहित कलाकारों को संवाद अदायगी और मंच पर भाव-भंगिमा की बारीकियां सिखा रहे हैं।

इस बार की रामलीला में सबसे ज्यादा उत्साह बाल कलाकारों में देखा जा रहा हैं। वे बडी लगन से अपनी भूमिका की तैयारी कर रहे हैं। राम भवन में शाम होते ही ढोलक-हारमोनियम की थाप पर रामायण की चौपाईयां गूंजने लगती हैं।

लीला निर्देशक पंडित सत्यनारायण पुरोहित ने बताया कि रामलीला केवल एक नाटक नहीं, बल्कि भगवान श्रीराम के जीवन का परिचय है।

यह हमें मर्यादा, त्याग, सत्य और आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देता है। रामलीला के माध्यम से हम सभी को राम के जीवन से सीख लेकर अपने जीवन में उतारना चाहिए। यही हमारे इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है।

# मजदूरों के लिए बना प्रतीक्षालय शराबियों का ठिकाना

### थाना रोड पर शेड में दिनभर जाम छलकने का आरोप

### मजदूर परेशान

### बोतलें और गिलास पड़े रहते हैं बिखरे

### महिलाओं-छात्राओं को भी हो रही परेशानी

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर के थाना रोड पर मजदूरों की सुविधा के लिए बनाया गया प्रतीक्षालय अब अव्यवस्थाओं का शिकार है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि देखरेख के अभाव में यह स्थान शराब पीने वालों का ठिकाना बन गया है। जिस शेड को मजदूरों को धूप और बारिश से राहत देने के लिए बनाया गया था, वहां मजदूरों के बजाय शराबियों का जमावड़ा रहता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह से ही यहां शराब पीने का सिलसिला शुरू हो जाता है, जो देर रात तक चलता है। प्रतीक्षालय के अंदर शराब की खाली बोतलें और डिस्पोजल गिलास पड़े रहते हैं। नशे में धुत लोग कई बार वहीं सो जाते हैं। लोगों का कहना है कि आए दिन गाली-गलौज और हंगामे की स्थिति बनी रहती है।

शराबियों के कब्जे के कारण मजदूर प्रतीक्षालय का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। काम की तलाश में आने वाले मजदूरों को धूप और बारिश के बीच सड़क किनारे खड़े होकर काम मिलने का इंतजार करना पड़ता है। इससे प्रतीक्षालय बनाए जाने का उद्देश्य ही प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि शराबियों के जमावड़े से थाना रोड से गुजरने वाली महिलाओं और छात्राओं को भी परेशानी होती है। लोगों के अनुसार नगर पालिका और पुलिस से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से प्रतीक्षालय को शराबियों के जमावड़े से मुक्त कराने, नियमित सफाई कराने और वहां निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि मजदूरों को इस सुविधा का वास्तविक लाभ मिल सके।

## सुविचार

जीवन में विनम्र रहो क्योंकि वृक्ष वही महान है जो फलकर झुकता है।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | दशमी | 05:52-08:01 तक | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र | उ.आषाढ़ | 04:34-07:06 तक | माह | भाद्रपद |
| सूर्योदय | | 6:15 AM | चन्द्रोदय | 03:06 PM |
| सूर्यास्त | | 6:26 PM | चंद्रास्त | 01:44 AM |
| सूर्य राशि | | कन्या राशि | चंद्र | धनु राशि |
| शुभ मुहूर्त | | 11:51AM–12:41 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 04:30-05:18 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2083 |
| राहुकाल | | 04:54 PM: 06:26 PM | वार | सोमवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# पितृपक्ष: पुत्र नहीं है तो बेटी भी कर सकती है श्राद्ध

### गरुड़ पुराण में सीता के पिंडदान का प्रसंग मिलता है

### नाती भी कर सकता है पितरों का तर्पण



**यूनिक समय, मथुरा।** पितृपक्ष में पूर्वजों की आत्मिक शांति के लिए श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करने की परंपरा है। इस दौरान कई परिवारों में यह सवाल उठता है कि यदि किसी घर में पुत्र नहीं है और केवल बेटियां हैं तो पितृ कर्म कौन करेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ऐसी स्थिति में बेटी भी श्राद्ध और पिंडदान कर सकती है।

ज्योतिषाचार्य पंडित नंदकिशोर के अनुसार, पुत्र नहीं होने पर परिवार को चिंता करने की जरूरत नहीं है। धार्मिक परंपराओं में महिला द्वारा पितृ कर्म किए जाने के उदाहरण मिलते हैं।

MANNAT GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

गरुड़ पुराण से जुड़ी मान्यताओं में माता सीता द्वारा अपने ससुर राजा दशरथ का पिंडदान करने का प्रसंग बताया जाता है। इसी आधार पर विशेष परिस्थितियों में बेटी द्वारा श्राद्ध करने की मान्यता बताई जाती है।

उन्होंने बताया कि यदि किसी पूर्वज का पुत्र नहीं है तो बेटी का पुत्र यानी नाती पिंडदान कर सकता है। नाती भी उपलब्ध न हो तो बेटी अपने पूर्वजों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान कर सकती है। हालांकि कर्मकांड की विधि अलग–अलग कुल और क्षेत्र की परंपराओं के अनुसार बदल सकती है। इसलिए स्थानीय पुरोहित या आचार्य से विधि की जानकारी लेना उचित माना जाता है।

इस वर्ष पितृपक्ष 27 सितंबर से 10 अक्टूबर तक रहेगा।

जिन पूर्वजों की मृत्यु तिथि ज्ञात है, उनका श्राद्ध उसी तिथि पर किया जाता है। तिथि ज्ञात न होने पर कई परिवार सर्वपितृ अमावस्या को श्राद्ध करते हैं।

इस वर्ष सर्वपितृ अमावस्या 10 अक्टूबर को होगी। धार्मिक मान्यता के अनुसार श्रद्धा और सम्मान से किया गया पितृ कर्म महत्वपूर्ण माना जाता है।

# उत्तम सत्य धर्म आत्मशुद्धि का मार्ग : आचार्य सूरत्न

### मन, वचन, कर्म की पवित्रता ही सच्चे सत्य की पहचान

### छल–कपट छोड़कर मधुर, हितकारी वचन बोलने का संदेश


जैन चौरासी मंदिर में विधान करते श्रावक– श्राविकाएं।

**यूनिक समय, मथुरा।** दशलक्षण पर्व के पांचवें दिन जैन मंदिर चौरासी में आयोजित धर्मसभा में आचार्य सूरत्न सागराचार्य ने उत्तम सत्य धर्म की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि सत्य केवल वाणी की सच्चाई तक सीमित नहीं है, बल्कि मन, वचन और कर्म की पवित्रता भी सत्य धर्म का आधार है।

आचार्य ने कहा कि जीवन में छल–कपट, झूठ और कटु वाणी का त्याग करना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को ऐसा सत्य बोलना चाहिए, जो हितकारी होने के साथ मधुर भी हो। उन्होंने कहा कि सत्य जीवन का आभूषण है और आत्मा को शुद्ध करने का मार्ग भी है। सत्य का आचरण व्यक्ति को भीतर से निर्मल बनाता है और उसके व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाता है।

उन्होंने श्रद्धालुओं से दशलक्षण पर्व के दौरान धर्म के सिद्धांतों को केवल सुनने तक सीमित न रखने, बल्कि उन्हें अपने आचरण में उतारने का आह्वान किया। धर्मसभा में सेठ विजय कुमार, रीना जैन, वीरेंद्र, विशेष, मनीष, अजीत, योगेश, जयप्रकाश, निर्भय, बबीता, सुषमा, शिल्पी और मोनिका सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भक्ति, आस्था और समरसता का संदेश देगी वामन भगवान शोभायात्रा


श्री वामन भगवान महोत्सव समिति के पत्रक को दिखाते समिति के संस्थापक श्याम शर्मा,रमाकांत गोस्वामी, रामगोपाल शर्मा और अन्य पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** कान्हा की नगरी में 23 सितंबर को श्री वामन भगवान महोत्सव समिति की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। भक्ति, आस्था और सामाजिक समरसता के संदेश के साथ निकलने वाली शोभायात्रा में भगवान वामन का भव्य डोला मुख्य आकर्षण रहेगा। अखाड़ों, मनोहारी झांकियों, धार्मिक प्रस्तुतियों और भक्ति संगीत से सजी शोभायात्रा शहर की धार्मिक-सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत करेगी।

रविवार को स्थानीय आश्रम में आयोजित प्रेस वार्ता में समिति पदाधिकारियों ने आयोजन की तैयारियों और शोभायात्रा के मार्ग की जानकारी दी। समिति संस्थापक श्याम शर्मा ने बताया कि शोभायात्रा कुंज बिहारी मंदिर अंगूरी वाटिका से प्रारंभ होगी। यहां से मंडी रामदास, चौक बाजार और स्वामी घाट होते हुए दाऊजी मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद होली गेट पर शोभायात्रा का समापन होगा। मुख्य संरक्षक रामगोपाल शर्मा ने कहा कि भगवान वामन भगवान विष्णु के अवतार हैं। उनकी लीला धर्म, मर्यादा, विनम्रता और लोककल्याण का संदेश देती है। शोभायात्रा संयोजक रमाकांत गोस्वामी ने बताया कि आयोजन को लेकर समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हैं। इस अवसर पर संजय हरियाणा, गजेंद्र शर्मा, विजय शर्मा, आशीष शर्मा, राजा ज्ञानेंद्र दीक्षित, अजय शर्मा, अर्जुन पंडित, कुलदीप शर्मा, जमुना शर्मा, गुंजन शर्मा, निर्मल, सर्वेश चतुर्वेदी, अनूप गौतम और आनंद शर्मा सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राधाष्टमी पर ब्रज संगीत विद्यापीठ में सजी भक्ति की महफिल


ब्रज संगीत विद्यापीठ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** राधाष्टमी पर ब्रज कला केंद्र के उपक्रम ब्रज संगीत विद्यापीठ में राधाष्टमी और गणेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यापीठ की बालिकाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक-भक्तिमय प्रस्तुतियां देकर वातावरण को राधा–कृष्ण की भक्ति से सराबोर कर दिया।

बालिकाओं की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के दौरान राधा-कृष्ण की भूमिका में प्रिया गोस्वामी, रिद्धि कुमारी, भूमि अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, भूमि गोस्वामी सहित अन्य बच्चों ने सहभागिता की। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से ब्रज की संस्कृति और राधारानी के प्रति श्रद्धा को अभिव्यक्त किया।

संचालन शालिनी शर्मा ने किया। निर्देशन में राजेंद्र प्रसाद बंसल, डॉ. डी.डी. गर्ग, मुकेश अग्रवाल, बीना गर्ग, सुनीता अग्रवाल, रश्मि सिंह, संजय शर्मा, मुरारी लाल अग्रवाल, शानू शर्मा और रुचि द्विवेदी का सहयोग रहा। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने बालिकाओं की प्रस्तुतियों की सराहना की। आयोजकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों को ब्रज की सांस्कृतिक परंपराओं और धार्मिक विरासत से जुड़ने का अवसर मिलता है।

# राधाष्टमी पर जायंट्स ग्रुप ऑफ वसुधा ने बांटा शरबत और फल



फल वितरित करतीं जायंट्स ग्रुप ऑफ वसुधा की पदाधिकारी।

### राधापुरम स्टेट गेट पर श्रद्धालुओं को कराया सेवा का अहसास

**यूनिक समय, मथुरा।** राधाष्टमी पर जायंट्स ग्रुप ऑफ वसुधा की ओर से शनिवार को राधापुरम स्टेट के गेट पर मीठे शरबत और फलों का वितरण किया गया। संस्था सदस्यों ने श्रद्धालुओं और राहगीरों को ठंडा शरबत और फल वितरित कर सेवा की।

कार्यक्रम की संयोजक मीरा अग्रवाल, नीना अग्रवाल, भारती अग्रवाल और मीनू भाटिया रहीं। निशा बिंदल, मोना गोयल, रश्मि यादव, अंजना गुप्ता, अल्पना गोयल, प्रभा पारस, राधा भारद्वाज, रीना अग्रवाल और सरिता अग्रवाल सहित संस्था के पदाधिकारी और सदस्यों ने सहयोग किया। संचालन चार्टर्ड प्रेसिडेंट मीरा अग्रवाल और सेक्रेटरी मीनल बंसल ने किया।

# भागवत रत्न की उपाधि से अलंकृत हुए सात भागवताचार्य


भागवत रत्न की उपाधि से अलंकृत भागवताचार्य।

**यूनिक समय, वृंदावन।** श्रीमद्भागवत कथा आयोजन समिति विद्वत् समाज ब्रजमंडल और डॉ. मनोज मोहन शास्त्री फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 21वें श्रीमद्भागवत जयंती समारोह का आयोजन गांधी मार्ग स्थित श्रीनाथ धाम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वेदज्ञ विद्वानों द्वारा मंगलाचरण-मंत्रोच्चार के साथ श्रीमद्भागवत महापुराण के पूजन–अर्चन से हुआ। समिति संस्थापक पंडित अमित भारद्वाज, फाउंडेशन अध्यक्ष डॉ. मनोज मोहन शास्त्री और वरिष्ठ विद्वानों ने मंगलदीप प्रज्ज्वलित कर विद्वत् संगोष्ठी का शुभारंभ किया। समारोह में ब्रजमंडल के सात प्रमुख भागवत वक्ताओं को भागवत रत्न की उपाधि से अलंकृत किया गया। गोष्ठी में आचार्य पूर्ण प्रकाश कौशिक, श्रीदाम किंकर, डॉ. अश्वनी मिश्र, मुरारी लाल शास्त्री, बनवारी लाल गौड़ सहित अन्य विद्वानों ने विचार व्यक्त किए। आभार समिति महामंत्री आचार्य सुमंतकृष्ण शास्त्री ने जताया।

## सम्पादकीय

# कूड़े का पहाड़ या कमाई का खजाना

कचरा देखकर नाक सिकोड़ना हमारी पुरानी आदत है। घर का कचरा बाहर, बाहर का कचरा सड़क किनारे और सड़क का कचरा किसी खाली प्लॉट में। मानो कचरा पैदा करना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी हो और उसे उठाना किसी दूसरे की। मगर दुनिया अब इस सोच से आगे निकल रही है। जिस कचरे को हम समस्या मानकर ठिकाने लगाने की कोशिश करते हैं, उसी में दूसरे लोग कारोबार और रोजगार की संभावनाएं तलाश रहे हैं।



पवन गौतम
संपादक

गुजरात के गांधीनगर में आयोजित विश्व सर्कुलर इकोनॉमी फोरम–2026 ने इसी बदलाव की तस्वीर सामने रखी। सम्मेलन में बताया गया कि भारत में ई–वेस्ट, स्क्रैप धातु, पुराने वाहनों और सौर उपकरणों के पुनर्चक्रण समेत विभिन्न क्षेत्रों के लिए 11 समर्पित सर्कुलर इकोनॉमी नीतियां लागू हैं। गुजरात में कचरे से ऊर्जा बनाने के साथ उत्पादों की मरम्मत, पुनः उपयोग और दोबारा निर्माण पर भी जोर दिया जा रहा है।

अब जरा उत्तर प्रदेश की तरफ देखिए। आबादी बड़ी है तो कचरे का उत्पादन भी कम नहीं। शहरों का विस्तार हो रहा है, बाजार बढ़ रहे हैं, घरों में बिजली के उपकरण बढ़ रहे हैं और पुराने वाहनों का ढेर भी कम नहीं। यानी कच्चा माल हमारे पास भरपूर है। जरूरत है तो सिर्फ उसे कचरा समझने की बजाय संसाधन समझने की।

संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।

मथुरा–वृंदावन जैसे धार्मिक शहरों में चुनौती और बड़ी है। मंदिरों और बाजारों से निकलने वाले फूल, प्रसाद सामग्री, प्लास्टिक, बोतलें और पैकेजिंग सामग्री रोजाना बड़ी मात्रा में निकलती है। अगर इनकी छंटाई और पुनर्चक्रण की मजबूत व्यवस्था बने तो सफाई के साथ स्थानीय रोजगार और छोटे कारोबार के अवसर भी बढ़ सकते हैं।

विडंबना यह है कि हम कूड़े के ढेर हटाने पर पैसा खर्च करते हैं, लेकिन उससे पैसा बनाने की सोच अभी ढेर के नीचे दबी हुई है। कूड़ेदान के बाहर कचरा डालने पर जुर्माने का बोर्ड आसानी से मिल जाएगा, मगर कचरे से कारोबार शुरू करने का रास्ता बताने वाला बोर्ड खोजने पर भी शायद न मिले। दुनिया कृत्रिम बुद्धिमत्ता और तकनीक से कचरे का मूल्य निकालने की तैयारी कर रही है। उत्तर प्रदेश के सामने मौका है कि वह सफाई को सिर्फ खर्च नहीं, अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनाए। वरना कूड़े के पहाड़ बढ़ते रहेंगे और कमाई का खजाना दूसरे उठा ले जाएंगे। गुजरात का संदेश साफ है–कचरा अंत नहीं, अगली शुरुआत का माल है। अब उत्तर प्रदेश को तय करना है कि वह कचरा केवल उठवाएगा या उससे रोजगार और कारोबार भी खड़ा करेगा।

## नजरिया

# पिता का प्यार शब्दों में नहीं, जिम्मेदारियों में दिखता है

बोध प्रकाश सगुणी



हमारे समाज में मां के प्रेम पर बहुत कुछ लिखा गया है। मां की ममता, उसके त्याग और बच्चों के प्रति उसकी चिंता को परिवार की सबसे बड़ी ताकत माना जाता है। लेकिन पिता का प्रेम अक्सर उतनी आसानी से दिखाई नहीं देता। वह बच्चों को गले लगाने, हर छोटी बात पर चिंता जताने या बार–बार प्यार का इजहार करने के बजाय अपनी जिम्मेदारियों में छिपा रहता है। कई बार बच्चे बड़े होने के बाद भी यह समझ नहीं पाते कि उनके पिता ने उनके लिए कितनी चीजें चुपचाप छोड़ी थीं।

पिता की जिंदगी का बड़ा हिस्सा परिवार की जरूरतों का हिसाब लगाते हुए गुजरता है। बच्चे की फीस कब जमा करनी है, घर का किराया या कर्ज कैसे चुकाना है, राशन कितना बचा है, अगले महीने कपड़े खरीदने हैं या इलाज के लिए पैसे बचाने हैं–इन सवालों के बीच उसका अपना जीवन कहीं पीछे छूट जाता है। वह कई बार अपनी इच्छाओं को इसलिए टालता रहता है, क्योंकि परिवार की जरूरतें उसकी प्राथमिकता बन जाती हैं।

दिक्कत यह है कि बच्चे अक्सर इस त्याग को त्याग के रूप में देखते ही नहीं। उन्हें लगता है कि पिता का काम ही कमाना है। पिता सुबह घर से निकलता है, शाम को लौटता है और अगले दिन फिर उसी दिनचर्या में लग जाता है। उसकी थकान परिवार की सामान्य जिंदगी का हिस्सा बन जाती है। बच्चे बड़े होते हैं, अपनी पढ़ाई और करियर में आगे बढ़ते हैं, लेकिन कई बार यह सवाल पूछना भूल जाते हैं कि जिस व्यक्ति ने उनकी राह आसान करने के लिए अपना कितना समय और आराम खर्च किया, उसकी जिंदगी कैसी चल रही है।

हर पिता की कहानी एक जैसी नहीं होती। सभी पिता आर्थिक रूप से परिवार चलाने की जिम्मेदारी नहीं उठाते और हर परिवार की परिस्थितियां अलग होती हैं। फिर भी बड़ी संख्या में ऐसे परिवार हैं जहां पिता की भूमिका मुख्य रूप से कमाने और भविष्य सुरक्षित करने वाले व्यक्ति की रही है। खासकर मजदूर, छोटे किसान, दुकानदार, ड्राइवर, कारीगर और छोटे व्यवसायी–इनके लिए छुट्टी का अर्थ कई बार आय का नुकसान होता है। रविवार भी काम का दिन हो सकता है और त्योहार भी।

ओडिशा के एक ग्रामीण परिवार की कहानी इसी वास्तविकता की ओर ध्यान खींचती है। वर्षों तक दिहाड़ी मजदूरी करने वाले बुरसी प्रधान ने अपने परिवार की जरूरतें पूरी करने के लिए दूसरे राज्यों तक जाकर काम किया। बाद में स्वास्थ्य ने साथ नहीं दिया तो गांव लौटकर खेती पर निर्भर होना पड़ा। उनकी मेहनत का सबसे बड़ा परिणाम यह रहा कि उनके परिवार के कई बच्चों ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में प्रवेश किया। यह कहानी केवल एक परिवार की उपलब्धि नहीं है, बल्कि उस पीढ़ी की कहानी है जिसने अपने बच्चों के लिए ऐसी जिंदगी का सपना देखा, जो उनकी अपनी जिंदगी से बेहतर हो।

यहां सवाल सिर्फ पिता के त्याग को पहचानने का नहीं है। सवाल यह भी है कि परिवार में प्रेम और संवाद का रिश्ता कितना मजबूत है। आर्थिक जिम्मेदारी निभाना जरूरी है, लेकिन भावनात्मक संवाद भी उतना ही जरूरी है। कई पिता अपने बच्चों से खुलकर बात नहीं कर पाते। उन्हें लगता है कि फीस भर देना, किताबें खरीद देना, घर चलाना और जरूरत के समय पैसे उपलब्ध कराना ही उनके प्रेम का पर्याप्त प्रमाण है। दूसरी ओर बच्चे कभी–कभी इसे केवल कर्तव्य मान लेते हैं।

समय बदल रहा है। आज के परिवारों में पिता और बच्चों के रिश्ते को केवल आर्थिक जिम्मेदारी के आधार पर नहीं देखा जा सकता। बच्चे चाहते हैं कि पिता उनके साथ समय बिताएं, उनकी बातें सुनें और उनके फैसलों को समझें। पिता भी चाहते हैं कि उनकी मेहनत को केवल कमाई के रूप में नहीं, उनके प्रेम के रूप में देखा जाए। इस दूरी को कम करने का रास्ता संवाद से होकर जाता है।

बच्चों को यह समझना होगा कि माता–पिता की आर्थिक स्थिति चाहे जैसी हो, उनकी उम्र बढ़ने के साथ उनकी जरूरतें बदलती हैं। जिस पिता ने कभी बच्चे की फीस, किताब, कपड़े और भोजन की चिंता की, एक समय ऐसा भी आता है जब उसे अपने स्वास्थ्य, अकेलेपन और भावनात्मक सुरक्षा के लिए बच्चों की जरूरत होती है। उस समय केवल पैसे भेज देना पर्याप्त नहीं होता। कुछ समय साथ बैठना, उनकी बातें सुनना, उनके अनुभव पूछना और उनकी छोटी जरूरतों का ध्यान रखना भी परिवार की जिम्मेदारी है।

आज उपभोक्तावाद के दौर में एक और बदलाव दिखाई देता है। बच्चों की जरूरतें तेजी से इच्छाओं में बदल रही हैं। महंगे मोबाइल, ब्रांडेड कपड़े, बाहर का खाना, यात्राएं और दूसरी सुविधाएं सामान्य अपेक्षाओं का हिस्सा बनती जा रही हैं। ऐसे में यह समझना जरूरी है कि हर सुविधा के पीछे परिवार की आय और किसी की मेहनत जुड़ी होती है। बच्चों को अपनी इच्छाओं और परिवार की आर्थिक क्षमता के बीच संतुलन समझना चाहिए।

इसका मतलब यह नहीं कि पिता हमेशा सही होते हैं या उनकी हर कठोरता को त्याग मान लिया जाए। परिवार में अधिकार के साथ संवाद और संवेदनशीलता भी जरूरी है। बच्चों को अपने पिता से सवाल पूछने और अपनी भावनाएं साझा करने का अधिकार है। उसी तरह पिता को भी बच्चों की भावनाओं और बदलती जरूरतों को समझने की कोशिश करनी चाहिए। स्वस्थ परिवार वह है जहां त्याग एकतरफा बोझ न बने, बल्कि जिम्मेदारी साझा करने की संस्कृति विकसित हो।

पिता की सबसे बड़ी उपलब्धि शायद यह नहीं कि उसने बच्चों को कितनी महंगी चीजें दिलाईं। असली उपलब्धि यह है कि उसने उन्हें कठिन परिस्थितियों में आगे बढ़ने का अवसर दिया, शिक्षा दिलाई, अपने पैरों पर खड़ा होने का हौसला दिया और परिवार के लिए अपनी क्षमता के अनुसार जिम्मेदारी निभाई।

इसलिए पिता के प्रति सम्मान केवल किसी एक दिन की औपचारिकता नहीं होना चाहिए। जब पिता हमारे लिए कुछ खरीदें तो यह भी पूछना चाहिए कि उन्होंने अपने लिए क्या रखा। जब वे थके हुए घर लौटें तो उनकी थकान को महसूस करना चाहिए। जब वे उम्रदराज हों तो उनकी जरूरतों को बोझ नहीं, अपने जीवन का स्वाभाविक दायित्व समझना चाहिए।

पिता अक्सर प्रेम को शब्दों में नहीं, जिम्मेदारियों में लिखते हैं। जरूरत केवल इतनी है कि बच्चे उस लिखावट को पढ़ना सीखें। क्योंकि परिवार की असली मजबूती वहीं से शुरू होती है, जहां कमाने वाले हाथों के पीछे छिपे भावनाओं से भरे दिल को भी पहचान लिया जाता है।

## विचार विंडो

# हर जिले की अपनी विकास रणनीति क्यों है जरूरी

बोध प्रकाश सगुणी

भारत की विकास यात्रा लंबे समय से बड़े शहरों और औद्योगिक केंद्रों के इर्द–गिर्द घूमती रही है। निवेश, रोजगार, बेहतर शिक्षा और आधुनिक सुविधाओं की तलाश में गांवों और छोटे कस्बों से युवाओं का बड़े शहरों की ओर पलायन इसी असंतुलन का परिणाम है। लेकिन अब बदलती अर्थव्यवस्था के दौर में विकास की इस पारंपरिक सोच को बदलने की जरूरत महसूस हो रही है। भारत के हर जिले की अपनी भौगोलिक स्थिति, प्राकृतिक संसाधन, संस्कृति, हुनर, बाजार और जरूरतें हैं। इसलिए सभी जिलों पर एक जैसी विकास नीति लागू करने के बजाय स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप अलग रणनीति तैयार करना समय की मांग है।

देश में शहरीकरण तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन इसका लाभ सभी क्षेत्रों तक समान रूप से नहीं पहुंच रहा। कुछ चुनिंदा महानगर और औद्योगिक गलियारे रोजगार और निवेश के बड़े केंद्र बन रहे हैं, जबकि अनेक जिले अब भी कृषि, छोटे कारोबार और असंगठित क्षेत्र पर निर्भर हैं। ऐसे जिलों के लिए विकास का मतलब केवल बड़ी फैक्ट्री लगाना नहीं हो सकता। वहां स्थानीय उत्पाद, कृषि आधारित उद्योग, हस्तशिल्प, पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन, सेवा क्षेत्र और छोटे उद्यम रोजगार के मजबूत आधार बन सकते हैं।

जिला विकास की अवधारणा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि जिला प्रशासन के पास स्थानीय परिस्थितियों को समझने और उनके आधार पर योजनाएं बनाने की अपेक्षाकृत बेहतर क्षमता होती है। एक जिले की पहचान केवल सरकारी नक्शे की एक प्रशासनिक सीमा नहीं है। वह अपनी संस्कृति,



इतिहास, बाजार, मानव संसाधन और स्थानीय अर्थव्यवस्था के साथ एक विशिष्ट इकाई है। यही कारण है कि जिला स्तर पर विकास की योजना बनाते समय यह देखना जरूरी है कि वहां की वास्तविक आर्थिक ताकत क्या है और किस क्षेत्र में रोजगार की सबसे अधिक संभावनाएं हैं।

मसलन, किसी जिले में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन मजबूत आधार हो सकता है तो किसी अन्य जिले में कृषि प्रसंस्करण या हस्तशिल्प। कहीं दुग्ध उत्पादन रोजगार का बड़ा माध्यम बन सकता है तो कहीं मत्स्य पालन, बागवानी या पारंपरिक कारीगरी। यदि स्थानीय संसाधनों को बाजार से जोड़ा जाए और युवाओं को आधुनिक कौशल दिया जाए तो छोटे शहर और कस्बे भी रोजगार के केंद्र बन सकते हैं।

इसके लिए जिला प्रशासन की भूमिका भी बदलनी होगी। जिलाधिकारी को केवल योजनाओं के क्रियान्वयन और कानून–व्यवस्था तक सीमित रखने के बजाय जिले की आर्थिक संभावनाओं के समन्वयक की भूमिका निभानी होगी। निवेशक को जमीन, अनुमति और बुनियादी सुविधाओं की जानकारी से लेकर स्थानीय श्रमिकों की उपलब्धता तक एक स्पष्ट व्यवस्था मिले। पर्यटक को बेहतर परिवहन और सुविधाएं मिलें। स्थानीय उद्यमी को ऋण, प्रशिक्षण और बाजार मिले तथा नौकरी तलाश रहे युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार अवसर उपलब्ध हों। इस दृष्टि से जिला प्रशासन को एक ऐसे प्रबंधक की तरह काम करना होगा जो सरकार, बाजार और समाज के बीच प्रभावी कड़ी बने।

स्थानीय आर्थिक विकास का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष समुदाय की भागीदारी है। किसी जिले की विकास योजना केवल सरकारी दफ्तरों में बैठकर तैयार नहीं की जा सकती। इसमें उद्यमियों, किसानों, महिलाओं, युवाओं, कारीगरों, स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय संस्थाओं और विषय विशेषज्ञों की भागीदारी जरूरी है। जिस समुदाय के लिए योजना बनाई जा रही है, उसकी जरूरत और अनुभव को योजना का आधार बनाया जाना चाहिए। इससे योजनाएं जमीन से जुड़ेंगी और उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की संभावना बढ़ेगी।

महिलाओं की भागीदारी इस प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। स्वयं सहायता समूहों ने कई क्षेत्रों में महिलाओं को बचत, उत्पादन और छोटे कारोबार से जोड़ा है। अब जरूरत इस बात की है कि इन समूहों को केवल छोटे स्तर के काम तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें प्रशिक्षण, तकनीक, ब्रांडिंग, पैकेजिंग, डिजिटल बाजार और बड़े बाजारों से जोड़ा जाए। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका और मजबूत हो सकती है।

इसी तरह युवाओं के लिए रोजगार की रणनीति केवल सरकारी नौकरियों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। डिजिटल सेवाओं, पर्यटन, खुदरा कारोबार, परिवहन, मरम्मत सेवाओं, खाद्य उद्योग और नए उद्यमों में भी रोजगार की व्यापक संभावनाएं हैं। छोटे शहरों में बढ़ती डिजिटल पहुंच इस बदलाव को और गति दे सकती है।

हालांकि जिला आधारित विकास का अर्थ यह नहीं कि हर जिले को बाकी देश से अलग कर दिया जाए। असली चुनौती स्थानीय पहचान को राष्ट्रीय और वैश्विक बाजार से जोड़ने की है। स्थानीय उत्पाद को स्थानीय बाजार से आगे ले जाकर ऑनलाइन मंचों, पर्यटन और निर्यात की श्रृंखला से जोड़ा जा सकता है। इसके लिए बुनियादी ढांचे, इंटरनेट, परिवहन, कौशल और वित्तीय सहायता पर समान रूप से ध्यान देना होगा।

भारत को विकसित अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य तभी व्यापक अर्थ में सफल होगा, जब विकास का लाभ केवल बड़े शहरों तक सीमित न रहे। देश के छोटे कस्बे और जिले भी रोजगार, उद्यमिता और नवाचार के केंद्र बनें। इसके लिए हर जिले की आर्थिक पहचान को समझना, उसकी ताकत को विकसित करना और उसकी कमजोरियों को दूर करना जरूरी है। विकास का भविष्य एक जैसे मॉडल में नहीं, बल्कि स्थानीय जरूरतों को राष्ट्रीय लक्ष्य से जोड़ने वाली रणनीति में छिपा है। यही सोच गांव से जिले, जिले से प्रदेश और प्रदेश से पूरे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार दे सकती है।

## एशियन गेम्स में भारत का धमाकेदार आगाज

# शूटिंग में दो सिल्वर, हॉकी में 19-0 की जीत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जापान के आइची-नागोया में आयोजित एशियन गेम्स 2026 में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। प्रतियोगिता के पहले दिन भारत ने शूटिंग में दो सिल्वर मेडल अपने नाम किए, जबकि हॉकी में भारतीय महिला टीम ने शानदार शुरुआत करते हुए उज्बेकिस्तान को 19-0 के बड़े अंतर से हराया। वहीं टेकबॉल में भारत को निराशा हाथ लगी। निशानेबाजी में भारतीय खिलाड़ियों ने पदक तालिका में देश का खाता खोला। 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में इलावेनिल वलारिवान, सोनम मस्कर और विदर्शा विनोद की भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया। इस स्पर्धा में चीन की टीम ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि भारत दूसरे स्थान पर रहा। यह



आइची-नागोया एशियन गेम्स में भारत का पहला पदक रहा। शूटिंग के अन्य मुकाबलों में भी भारतीय खिलाड़ियों से पदक की उम्मीद बनी हुई है। वहीं सुचिका तरियाल ने भी अपने प्रदर्शन से पदक पक्का कर लिया है और उनकी नजर अब बेहतर पदक पर है। भारतीय दल के लिए हॉकी से भी बड़ी खुशखबरी आई। भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपने पूल मुकाबले में उज्बेकिस्तान के खिलाफ एकतरफा प्रदर्शन करते हुए 19-0 से शानदार जीत दर्ज की। भारतीय खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही मुकाबले पर पकड़ बनाए रखी और लगातार गोल करते हुए बड़ी जीत हासिल की। इस जीत के साथ महिला टीम ने टूर्नामेंट में अपने अभियान की मजबूत शुरुआत की है। अब भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुकाबले पर भी सभी की नजरें टिकी हैं। दूसरी ओर टेकबॉल में भारत को पदक से चूकना पड़ा। क्विंसी डिसूजा महिला सिंगल्स और मिक्स्ड डबल्स दोनों वर्गों में ब्रॉन्ज मेडल मुकाबले तक पहुंची थीं, लेकिन दोनों मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। महिला सिंगल्स के ब्रॉन्ज मेडल मैच में जापान की युझना साकामोटो ने क्विंसी डिसूजा को 12-11, 12-11 से हराया। इससे भारतीय खिलाड़ी पदक जीतने से चूक गईं। एशियन गेम्स के शुरुआती दिन भारतीय खिलाड़ियों ने शूटिंग और हॉकी में शानदार प्रदर्शन कर पदक की उम्मीदों को मजबूत किया है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम भी सेमीफाइनल मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ मैदान पर उतरेगी, जबकि हॉकी और शूटिंग के अलावा कई अन्य खेलों में भारतीय एथलीट अपनी चुनौती पेश करेंगे। ऐसे में प्रतियोगिता के आगे बढ़ने के साथ भारत की पदक तालिका में और इजाफा होने की उम्मीद बनी हुई है।






## बप्पा के दरबार में सुनील और अहान की एक झलक पाने को उमड़ी भीड़




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मुंबई में गणेशोत्सव 2026 का उत्साह चरम पर है। शहर के प्रसिद्ध गणपति पंडालों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसी बीच अभिनेता सुनील शेट्टी अपने बेटे अहान शेट्टी के साथ मशहूर 'चिंचपोकली चा चिंतामणि' के दर्शन करने पहुंचे। पिता-पुत्र की जोड़ी को देखने के लिए वहां मौजूद लोगों में भी खास उत्साह नजर आया। पंडाल की ओर से साझा किए गए वीडियो में सुनील शेट्टी भारी भीड़ के बीच से गुजरते दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बेज रंग का कुर्ता-पजामा और सनग्लासेस पहना था। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद भक्तों का अभिवादन भी किया। बाद में अहान शेट्टी भी पंडाल पहुंचे। उन्होंने सफेद एम्ब्रॉयडरी वाले कुर्ते और डेनिम जींस में फेस्टिव लुक रखा था। सुनील और अहान ने गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। मंडल के आयोजकों ने दोनों का सम्मान भी किया। उनकी मौजूदगी के दौरान बड़ी संख्या में लोग उनकी एक झलक पाने के लिए उत्साहित नजर आए। 'चिंचपोकली चा चिंतामणि' मुंबई के पुराने और प्रसिद्ध गणेशोत्सव आयोजनों में शामिल है। इसकी शुरुआत 1920 में हुई थी। साल 2026 में यह मंडल अपना 107वां साल मना रहा है। इस वर्ष गणपति की मूर्ति भगवान वेंकटेश्वर से प्रेरित बताई गई है। वर्कफ्रंट की बात करें तो सुनील शेट्टी हाल ही में 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आए थे। वहीं अहान शट्टी ने 'तड़प' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था और बाद में 'बॉर्डर 2' में लेफ्टिनेंट कमांडर एमएस रावत की भूमिका निभाई।

# चार साल से अटकी मृणाल की फिल्म अब होगी रिलीज

### इस दिन खुलेगा 'पूजा मेरी जान' का राज

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मृणाल ठाकुर और हुमा कुरैशी की फिल्म 'पूजा मेरी जान' करीब चार साल के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार दर्शकों के बीच आने वाली है। साल 2022 में फिल्म की शूटिंग और पोस्ट प्रोडक्शन का काम पूरा हो गया था, लेकिन किसी वजह से इसकी रिलीज टलती रही। अब मेकर्स ने फिल्म का टीजर जारी करते हुए इसकी रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। नवजोत गुलाटी के निर्देशन में बनी यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने के बजाय सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देगी।



मृणाल ठाकुर और हुमा कुरैशी स्टारर 'पूजा मेरी जान' 2 अक्टूबर 2026 यानी गांधी जयंती के मौके पर जी5 पर स्ट्रीम होगी। फिल्म का टीजर सामने आने के बाद इसकी कहानी को लेकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ गई है। 36 सेकेंड के टीजर में प्यार, जुनून, आरोप और पूर्वाग्रहों की झलक देखने को मिलती है। इसकी शुरुआत एक मैसेज से होती है, जिसमें लिखा है, 'डियर पूजा, अगर तुम हां बोल दो तो हमारा प्यार इतिहास बनाएगा और अगर तुमने ना कहा तो मैं इतिहास बन जाऊंगा।' टीजर से संकेत मिलता है कि यह एक लव स्टोरी थ्रिलर है। फिल्म में हुमा कुरैशी वकील की भूमिका में नजर आएंगी, जबकि मृणाल ठाकुर टॉक्सिक प्यार में उलझी महिला का किरदार निभा रही हैं। फिल्म का निर्माण दिनेश विजान और अमर कौशिक ने किया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो मृणाल ठाकुर 2026 में 'है जवानी तो इश्क होना है', 'डकैतः ए लव स्टोरी' और 'दो दीवाने सहर में' में नजर आ चुकी हैं। वहीं हुमा कुरैशी 'बेबी डू डाय डू' और 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' जैसी फिल्मों में दिखाई दी हैं। अब चार साल से अटकी 'पूजा मेरी जान' की रिलीज का इंतजार खत्म होने वाला है।

## सलमान का ट्रोलर्स पर फूटा गुस्सा

### महिलाओं के सम्मान पर कही बड़ी बात

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 20' के 'वीकेंड का वार' में सलमान खान ने ट्रोलिंग और बॉडी शेमिंग को लेकर खुलकर बात की। शो के दौरान उन्होंने उन लोगों की आलोचना की, जो किसी की उम्र, वजन, लुक्स, परिवार, असफलता या मां बनने को लेकर सोशल मीडिया पर ट्रोल करते हैं। सलमान ने कहा कि किसी को ट्रोल करना उसकी परवरिश को दिखाता है। उन्होंने खुद को लेकर होने वाली उम्र संबंधी टिप्पणियों का भी जिक्र किया और कहा कि लोग उन्हें भी बूढ़ा होने को लेकर ट्रोल करते हैं। गर्भावस्था के बाद महिलाओं के बढ़े वजन पर टिप्पणी करने वालों को लेकर सलमान ने कहा कि प्रेग्नेंसी के बाद वजन बढ़ना स्वाभाविक है और महिलाओं को अपने परिवार के साथ समय बिताने का पूरा अधिकार है। उन्होंने लोगों से ऐसी महिलाओं को ट्रोल न करने की अपील की। हालांकि, सलमान ने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन सोशल मीडिया पर उनके बयान को कैटरीना कैफ से जोड़कर देखा जा रहा है। इसके



अलावा सलमान ने पैपराजी की तस्वीरें खींचने के तरीके पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कुछ सेलिब्रिटीज पीछे से ली गई तस्वीरों को पसंद नहीं करते और उनकी निजता का सम्मान किया जाना चाहिए। सलमान ने सई मांजरेकर और नेहा धूपिया का भी जिक्र किया। हाल ही में कैटरीना कैफ गणपति समारोह में नजर आई थीं, जिसके बाद उनके बढ़े वजन को लेकर सोशल मीडिया पर टिप्पणियां की गईं। कई सेलेब्स ने इस तरह की ट्रोलिंग के खिलाफ उनका समर्थन किया है।

# इकतालीस की उम्र में इरविन का कमाल

### नबी का रिकॉर्ड तोड़कर रचा इतिहास

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** उम्र को महज एक आंकड़ा साबित करते हुए जिम्बाब्वे के अनुभवी बल्लेबाज क्रेग इरविन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया और अपने नाम एक बड़ा रिकॉर्ड दर्ज कर लिया।

इरविन ने 41 साल और 32 दिन की उम्र में अर्धशतक जड़ा। इसके साथ ही वह किसी फुल मेंबर टीम के लिए पुरुष वनडे क्रिकेट में 50 से ज्यादा रन बनाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए।

इरविन ने 79 गेंदों का सामना करते हुए 59 रन की पारी खेली, जिसमें पांच चौके शामिल रहे। उनकी इस पारी ने जिम्बाब्वे को ऑस्ट्रेलिया के सामने चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में अहम मदद की। इरविन ने अर्धशतक पूरा करते ही अफगानिस्तान के अनुभवी ऑलराउंडर मोहम्मद नबी



का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड नबी के नाम था। उन्होंने 2025 में बांग्लादेश के खिलाफ 40 साल और 286 दिन की उम्र में अर्धशतक लगाया था। अब इरविन ने 41 साल और 32 दिन की उम्र में 50 का आंकड़ा पार कर नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इस रिकॉर्ड सूची में इरविन और नबी के बाद पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मिस्बाह-उल-हक का नाम आता है। मिस्बाह ने 2015 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 40 साल और 283 दिन की उम्र में 50 से ज्यादा रन बनाए थे। इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज ज्योफ्री बायकॉट ने 1981 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 40 साल और 226 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी।

वहीं वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी क्लाइव लॉयड ने 1985 में श्रीलंका के खिलाफ 40 साल और 155 दिन की उम्र में अर्धशतक लगाया था। इस मुकाबले में जिम्बाब्वे की प्लेइंग इलेवन भी चर्चा में रही, क्योंकि टीम में 40 साल से अधिक उम्र के चार खिलाड़ी शामिल थे।

क्रेग इरविन के अलावा ग्रीम क्रेमर, सिकंदर रजा और ब्रेंडन टेलर ने भी टीम में जगह बनाई। मुकाबले में जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया के सामने 272 रनों का लक्ष्य रखा।

इरविन के अलावा इनोसेंट काया ने 55 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान सिकंदर रजा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 81 रन बनाए और नाबाद लौटे।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से नाथन एलिस ने सबसे ज्यादा तीन विकेट चटकाए। वहीं स्पेंसर जॉनसन और एडम जम्पा को दो-दो सफलताएं मिलीं। इरविन की इस पारी ने उनके अनुभव और लंबे क्रिकेट करियर को एक बार फिर खास बना दिया। 41 साल की उम्र में वनडे अर्धशतक लगाकर उन्होंने न सिर्फ टीम के लिए अहम रन बनाए, बल्कि रिकॉर्ड बुक में भी अपना नाम दर्ज करा लिया।

## 29 साल पुराने सिपाही हत्याकांड में तीन डकैत पाए गए दोषी

# सगे भाइयों समेत तीन आरोपियों को उम्रकैद की सजा

**यूनिक समय, फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में 29 साल पुराने सिपाही हत्याकांड में विशेष अदालत (डकैती प्रभावित) ने फैसला सुनाते हुए सगे भाइयों समेत तीन आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 32-32 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। मामला 21 अक्टूबर 1997 की रात का है, जब पुलिस टीम कुख्यात डकैत खुन्नी उर्फ राम सिंह को पकड़कर लौट रही थी।

शासकीय अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार उत्तम के अनुसार, तत्कालीन थानाध्यक्ष श्याम नारायण सरोज पुलिस टीम के साथ शिवबोधन के डेरा पहुंचे थे। खुन्नी को




गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ट्रैक्टर से वापस लौट रही थी। टीकर गांव के पास पहले से घात लगाए डकैतों ने ट्रैक्टर को घेर लिया और मूंज की आड़ से पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी।

हमले में असोथर थाने में तैनात सिपाही रामसेवक पासी की गोली लगने से मौके पर मौत हो गई थी। थानाध्यक्ष समेत सात पुलिसकर्मी घायल हुए थे। घटना के बाद सगे भाइयों सीताराम मौर्य और राधेश्याम मौर्य समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

### पुलिस टीम पर घात लगाकर हुई थी ताबड़तोड़ फायरिंग

नब्बे के दशक में दोनों भाइयों का करीब 14 सदस्यों वाला गिरोह इलाके में सक्रिय बताया गया था। पुलिस ने बाद में आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। अदालत ने हत्या के मामले में तीनों को दोषी ठहराया। अदालत ने धारा 302 और एससी/एसटी एक्ट में उम्रकैद, धारा 307 में 10 साल, धारा 147 में एक साल और धारा 148 में दो साल की सजा सुनाई है।

# वाराणसी में एटीएस ने 30 लाख का इनामी नक्सली किया ढेर




**यूनिक समय, वाराणसी।** यूपी एटीएस ने रविवार तड़के रामनगर क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान 30 लाख रुपये के इनामी नक्सली कमांडर बृजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह को मार गिराया। झारखंड के प्रतिबंधित संगठन तृतीय प्रस्तुति कमेटी (टीपीसी) का कमांडर बृजेश राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के टेरर फंडिंग मामले में करीब आठ साल से वांछित था। उस पर झारखंड सरकार ने 25 लाख और एनआईए ने पांच लाख रुपये का इनाम घोषित किया था।

एटीएस के अनुसार, सूचना मिली थी कि बृजेश बाइक से रामनगर होते हुए मुगलसराय की ओर जा रहा है। टीम ने घेराबंदी कर उसे रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि उसने पकड़े जाने से बचने के लिए दोनों पिस्टलों से फायरिंग शुरू कर दी। गोलियां डीएसपी विपिन राय और हेड कांस्टेबल नितेंद्र कृष्ण की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगीं।

### घेराबंदी होते ही कमांडो पर पिस्टलों से बरसाईं गोलियां

### जवाबी कार्रवाई में कमांडर बृजेश गंझू मारा गया

जवाबी फायरिंग में बृजेश घायल होकर सड़क पर गिर गया, जबकि उसका साथी फरार हो गया।

अस्पताल में डॉक्टरों ने बृजेश को मृत घोषित कर दिया। मौके से दो पिस्टल, कारतूस और खोखे बरामद हुए। बृजेश पर झारखंड में कई आपराधिक मामले दर्ज थे और वह कथित तौर पर ठेकेदारों, परिवहन कारोबारियों तथा कोयला कंपनियों से वसूली करता था।

# मायावती ईशान आनंद को पार्टी में आगे बढ़ाएंगी

### आकाश आनंद और बहन को जिम्मेदारियों से दूर रखने का फैसला

### 23 सितंबर को बसपा की राष्ट्रीय बैठक संगठन पर होगी चर्चा

**यूनिक समय, लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने पार्टी में अपने परिवार की भूमिका को लेकर नया फैसला घोषित किया है। मायावती के अनुसार, उनके भाई आनंद कुमार के परिवार में अब ईशान आनंद को पार्टी में आगे बढ़ाया जाएगा, जबकि आकाश आनंद और उनकी बहन को संगठन की जिम्मेदारियों से दूर रखा जाएगा। यह घोषणा उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले की गई है।

मायावती ने कहा कि उनके भाई के आग्रह पर आकाश आनंद को राजनीति में आगे किया गया था, लेकिन बाद में उनके रवैये और गतिविधियों को लेकर उन्हें पार्टी से अलग करना पड़ा। उन्होंने आकाश के अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में आने का भी आरोप लगाया। मायावती ने कहा कि ऐसी स्थिति दोबारा पैदा न हो, इसलिए ईशान आनंद को आगे बढ़ाने का



निर्णय लिया गया है।उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में ईशान भी पार्टी विरोधी गंभीर गतिविधियों में शामिल पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है। मायावती ने यह भी कहा कि आकाश की बहन को पार्टी में कोई जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी।

मायावती ने कहा कि यदि ईशान को भी पार्टी से बाहर करना पड़ा तो आनंद कुमार के परिवार के किसी अन्य सदस्य को जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी।

उन्होंने पार्टी के संस्थापक कांशीराम के सिद्धांतों का हवाला देते हुए परिवार और संगठन के हितों को अलग रखने की बात कही। उन्होंने बताया कि 23 सितंबर को बसपा की अखिल भारतीय बैठक होगी, जिसमें संगठन और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

# सुरेश खन्ना ने पुलिसकर्मियों को जापान का किस्सा सुनाया

### काम के समय एयरपोर्ट आने से युवती ने शादी ठुकराई

### मंत्री ने पुलिसकर्मियों से कर्तव्य के प्रति समर्पण मांगा

**यूनिक समय, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ में पुलिस विभाग में चयनित 912 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने नव नियुक्त पुलिसकर्मियों को काम के प्रति जिम्मेदारी और अनुशासन का संदेश देने के लिए जापान का एक किस्सा सुनाया।

खन्ना ने बताया कि जापान में एक भारतीय युवक और युवती साथ काम करते थे। दोनों ने शादी का फैसला किया। शादी से पहले युवक को अपने माता-पिता को लेने एयरपोर्ट जाना था। उसने मंगेतर से साथ चलने को कहा। युवती ने बताया कि उस समय उसका कार्यालय का समय है, इसलिए वह काम छोड़कर नहीं आ सकती। युवक के बार-बार आग्रह करने पर वह एयरपोर्ट पहुंची, लेकिन वहां उसने शादी से इनकार कर दिया।

मंत्री के अनुसार, युवती ने कहा



कि जो व्यक्ति शादी से पहले ही काम छोड़ने का दबाव बना रहा है, वह आगे भी ऐसा कर सकता है। खन्ना ने कहा कि जापान की प्रगति में काम के प्रति निष्ठा और अनुशासन की बड़ी भूमिका है। उन्होंने पुलिसकर्मियों से अपने कर्तव्य के प्रति पूरी निष्ठा रखने की अपील की।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भर्ती प्रक्रिया को लेकर सरकार की पारदर्शिता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पहले भर्ती में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद की शिकायतें थीं, जबकि अब पारदर्शी तरीके से चयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष भर्ती से युवाओं और शासन के बीच विश्वास मजबूत होता है।

# नाले का पानी भरने से 500 बीघा धान डूबा



**यूनिक समय, मैनपुरी।** करहल तहसील क्षेत्र के साज हाजीपुर से निकलने वाले नाले की सफाई न होने से नगला मांझ, नगला पूठ और बमटापुर गांवों के किसानों की परेशानी बढ़ गई है। नाला ओवरफ्लो होने से करीब 500 बीघा धान की फसल जलमग्न हो गई। नगला पूठ में किसानों और ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर तत्काल पानी निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की।

किसानों के अनुसार, नाले की समस्या को लेकर पहले भी शिकायत की जा चुकी है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया, लेकिन पानी निकालने का स्थायी इंतजाम नहीं हो सका। किसानों का कहना है कि लगातार पानी भरने से खड़ी धान की फसल खराब होने का खतरा है।

### किसानों ने प्रदर्शन कर पानी निकासी की मांग उठाई

### कुलावा बनने में तीन महीने लगने से बढ़ी चिंता

ग्रामीणों के मुताबिक, सिंचाई विभाग ने पानी निकासी के लिए पीडब्ल्यूडी से कुलावा बनवाने की बात कही है। पीडब्ल्यूडी की ओर से इसे बनाने में करीब तीन महीने लगने की जानकारी दी गई है। किसानों ने तत्काल पंपिंग सेट लगाकर पानी निकलवाने, नाले की सफाई कराने और फसल नुकसान का सर्वे कराकर सहायता देने की मांग की।

# योगी ने चयनित 912 युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र

**यूनिक समय, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ में पुलिस विभाग की सीधी भर्ती-2023 के तहत चयनित 912 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इनमें पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) और पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के पदों पर चयनित अभ्यर्थी शामिल हैं। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद चयनित युवा प्रदेश पुलिस विभाग में सेवाएं देंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले छह महीनों में उत्तर प्रदेश में एक लाख से अधिक युवाओं



को सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता से युवाओं और शासन के बीच भरोसा मजबूत होता है।

योगी ने पिछली सरकारों पर भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा कि पहले भर्ती आयोगों

### पुलिस भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों को मिली नई जिम्मेदारी

### मुख्यमंत्री बोले पहले भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार था

और बोर्डों में अपने लोगों को बैठाने से प्रक्रिया की विश्वसनीयता प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि उस दौर में युवाओं में भर्ती को लेकर निराशा और आशंका का माहौल था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले

सरकारी नौकरियों में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद की शिकायतें थीं। उन्होंने दावा किया कि अब नियुक्तियां पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से की जा रही हैं। उन्होंने कानून-व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले माफिया खुलेआम हथियार लेकर घूमते थे, जबकि अब ऐसी स्थिति नहीं है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में अब तक 9.30 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारदर्शी भर्ती केवल चयनित अभ्यर्थी के परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि शासन व्यवस्था के प्रति विश्वास का विषय भी है।

# हनीट्रैप में फंसा कठुआ ड्राइवर



## आईएसआई को बेच दी सेना की लाइव फीड

## फर्जी महिला प्रोफाइल के जरिए जाल में फंसाया सैन्य गतिविधियों पर रखी नजर

## 20 हजार रुपये के बदले जानकारी भेजने का आरोप, कैमरा जब्त

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जम्मू–कश्मीर के कठुआ जिले में पुलिस ने 24 वर्षीय ट्रक ड्राइवर अमन को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी सोशल मीडिया पर फर्जी महिला प्रोफाइल के जरिए कथित हनीट्रैप में फंसा था। इसके बाद उसने सीमावर्ती क्षेत्र में सैन्य गतिविधियों और सुरक्षा बलों की आवाजाही से जुड़ी जानकारी जुटानी शुरू कर दी।

जांच के मुताबिक, अमन ने अपने घर के बाहर सिम से संचालित सीसीटीवी कैमरा लगाया था। कैमरे का रुख उस सड़क की ओर था, जिसका इस्तेमाल सुरक्षा बलों की आवाजाही के लिए किया जाता है। आरोप है कि कैमरे से मिलने वाली लाइव तस्वीरें पाकिस्तान में बैठे कथित हैंडलर्स तक पहुंचाई जा रही थीं। इसके बदले उसे करीब 20 हजार रुपये दिए गए। रकम दुबई के रास्ते भेजे जाने की बात सामने आई है।

पुलिस ने आरोपी का मोबाइल फोन, कैमरा और अन्य उपकरण जब्त किए हैं। इनकी फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। राजबाग थाने में आधिकारिक गोपनीयता कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार, सीमावर्ती इलाकों में सोशल मीडिया के जरिए युवाओं को निशाना बनाने के प्रयास सामने आए हैं। अधिकारियों ने लोगों से स्नैपचैट, इंस्टाग्राम और मैसेंजर पर अनजान प्रोफाइल से सावधान रहने की अपील की है। जांच एजेंसियां आरोपी से पूछताछ कर कथित नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और संपर्कों का पता लगाने में जुटी हैं।




# मुंबई में बीएमडब्ल्यू हादसे में तीन लोगों की मौत



## कोस्टल रोड पर तेज रफ्तार में कार पुल से नीचे गिरी

## काला चौकी में अस्थायी पानी स्टॉल में करंट से बच्ची समेत दो मृत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मुंबई के कोस्टल रोड पर रविवार सुबह तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार पुल से नीचे गिर गई। हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। पुलिस के अनुसार, कार मरीन ड्राइव से हाजी अली की ओर जा रही थी। सुबह करीब 5:20 बजे कंट्रोल रूम को हादसे की सूचना मिली। दुर्घटना लाला कॉलेज के सामने लोटस जेट्टी के पास हुई।

पुलिस के मुताबिक, तेज रफ्तार के कारण चालक का वाहन पर नियंत्रण नहीं रहा और कार पुल से नीचे जा गिरी। घायल 20 वर्षीय युवक को गंभीर हालत में ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया गया है। 21 वर्षीय शनाय गज्जल और 17 वर्षीय धिर्या सेठ को अस्पताल पहुंचने पर मृत घोषित कर दिया गया। 25 वर्षीय एक अन्य युवक की भी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वहीं, कालाचौकी इलाके में गणेशोत्सव मंडल के पास बने अस्थायी पानी स्टॉल में करंट फैलने से छह लोग चपेट में आ गए। हादसे में आठ वर्षीय रागिनी घनश्याम यादव और एक वयस्क की मौत हो गई, जबकि चार घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने बिजली आपूर्ति बंद कर इलाके को सुरक्षित किया। अधिकारियों के अनुसार, अस्थायी मीटर की वायरिंग और एमसीबी को भी अलग कर दिया गया।

# केतन हत्याकांड में साजिश की परतें खुलीं, चार्जशीट दाखिल



## पुणे पुलिस ने अदालत में दाखिल की 5053 पन्नों की चार्जशीट

## मंगेतर सिया समेत तीन आरोपी बनाए गए डिजिटल साक्ष्य जुटाए

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** चर्चित केतन अग्रवाल हत्याकांड में पुणे ग्रामीण पुलिस ने वाडगांव मावल अदालत में 5053 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। पुलिस ने मामले में केतन की मंगेतर सिया गोयल, उसके कथित प्रेमी चेतन चौधरी और सहयोगी रितेश संजय हंगे को आरोपी बनाया है।

चार्जशीट के अनुसार, शुरुआत में केतन की हत्या के बजाय उसे अपाहिज बनाने की योजना होने का दावा किया गया है। इसके लिए कथित तौर पर दूसरे राज्य के लोगों से संपर्क किया गया, लेकिन बाद में आरोपियों ने योजना बदल दी। पुलिस के मुताबिक, इसके बाद केतन की हत्या को हादसा दिखाने की साजिश रची गई। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने लोहागढ़ किले की रेकी की थी। पुलिस का दावा है कि मार्च 2025 में वहां हुई एक युवती की मौत को देखते हुए आरोपियों ने वारदात को दुर्घटना का रूप देने की योजना बनाई।

जांच के मुताबिक, केतन को लोहागढ़ बुलाने के लिए 'माही' नाम से फर्जी इंस्टाग्राम खाता बनाया गया था। पुलिस ने 100 से अधिक गवाहों के बयान और व्हाट्सएप चैट, कॉल रिकॉर्ड, मोबाइल डेटा व जीपीएस जानकारी को चार्जशीट में शामिल किया है। मामला अदालत में विचाराधीन है।

# दिल्ली–एनसीआर समेत 21 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली–एनसीआर, उत्तर प्रदेश, बिहार समेत 21 राज्यों में बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट है। यूपी के मथुरा–आगरा सहित कई जिलों में आंधी की संभावना है। बिहार में बिजली गिरने की चेतावनी है। उत्तराखंड और हिमाचल में भी मौसम खराब रहेगा। बंगाल की खाड़ी का सिस्टम बारिश बढ़ा सकता है।

# बंगाल में उपचुनाव से पहले उम्मीदवार गिरफ्तार



## रेजीनगर के सैफुल इस्लाम पर 2021 की झड़प का मामला

## नंदीग्राम के मिलन प्रधान भी पुराने मामले में गिरफ्तार हुए


**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में 6 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा उपचुनाव से पहले रेजीनगर सीट के निर्दलीय उम्मीदवार सैफुल इस्लाम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तारी 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान दो गुटों के बीच हुई झड़प से जुड़े करीब पांच साल पुराने मामले में की गई। यह कार्रवाई 19 सितंबर को हुई।

रेजीनगर में सैफुल की गिरफ्तारी से एक दिन पहले नंदीग्राम सीट से कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान को भी पुराने मामले में गिरफ्तार किया गया था। प्रधान पर 2007 के नंदीग्राम भूमि अधिग्रहण आंदोलन से जुड़े मामलों में कार्रवाई हुई है। अदालत ने उन्हें 3 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

दोनों गिरफ्तारियां उपचुनाव से ठीक पहले होने के कारण राजनीतिक चर्चा का विषय बनी हैं। कांग्रेस और तृणमूल नेताओं ने मिलन प्रधान की गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाए हैं, जबकि भाजपा ने इसे लंबित कानूनी मामलों में कार्रवाई बताया है। सैफुल इस्लाम की गिरफ्तारी को लेकर भी पुलिस ने इसे पुराने मामले की जांच से जुड़ी कार्रवाई बताया है। रेजीनगर मामले में पुलिस की कार्रवाई के साथ आम जनता उन्नयन पार्टी से जुड़े लोगों पर भी जांच का शिकंजा कसने की खबर है। अधिकारियों के मुताबिक, मामले की जांच जारी है।

# विक्रम देव विश्वविद्यालय में परीक्षा से पहले पेपर वायरल






## व्हाट्सएप पर प्रश्नपत्र पहुंचने के बाद परीक्षा स्थगित कर दी

## साइबर पुलिस जांच में जुटी, नई तारीख जल्द घोषित होगी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ओडिशा के जयपुर स्थित विक्रम देव विश्वविद्यालय में प्लस–तृतीय द्वितीय सेमेस्टर की अनिवार्य अंग्रेजी परीक्षा का प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले व्हाट्सएप पर वायरल होने का मामला सामने आया है। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने शनिवार को होने वाली परीक्षा स्थगित कर दी। परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक करीब 52 केंद्रों पर आयोजित होनी थी।

परीक्षा नियंत्रक रंजन प्रधान के अनुसार, विश्वविद्यालय को सुबह करीब 11 बजे कुछ छात्रों ने प्रश्नपत्र के कथित रूप से व्हाट्सएप ग्रुप में पहले से मौजूद होने की जानकारी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने वायरल प्रश्नपत्र की जांच कराई और परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए इसे स्थगित करने का फैसला लिया।

विश्वविद्यालय ने मामले की शिकायत कोरापुट साइबर पुलिस थाने में दर्ज कराई है। अब जांच की जा रही है कि प्रश्नपत्र व्हाट्सएप तक कैसे पहुंचा। प्रशासन इस संभावना की भी जांच कर रहा है कि वायरल प्रश्नपत्र वास्तविक था या किसी ने छात्रों को भ्रमित करने के लिए फर्जी प्रश्नपत्र प्रसारित किया।

विश्वविद्यालय ने छात्रों से सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों पर भरोसा नहीं करने और परीक्षा संबंधी जानकारी के लिए केवल आधिकारिक सूचनाओं पर निर्भर रहने की अपील की है। नई परीक्षा के लिए नया प्रश्नपत्र तैयार किया जाएगा। स्थगित परीक्षा की नई तारीख और समय की घोषणा बाद में की जाएगी।

# अमेरिका–ईरान तनाव फिर बढ़ा, दूतावासों को अलर्ट



## ईरान ने युद्ध रोकने के लिए रखीं सात शर्तें

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी विदेश विभाग ने मिडिल–ईस्ट के नौ देशों में अपने नागरिकों के लिए सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। इराक, बहरीन, ओमान, सऊदी अरब, ईरान, कतर, लेबनान, कुवैत और जॉर्डन में मौजूद अमेरिकियों को सतर्क रहने तथा उड़ानों और एयरपोर्ट से जुड़ी ताजा जानकारी लेते रहने की सलाह दी गई है।

इसी बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कैंप डेविड का अपना दौरा तय समय से एक दिन पहले खत्म कर शनिवार शाम व्हाइट हाउस लौट आए। उनकी अचानक वापसी की वजह आधिकारिक तौर पर नहीं बताई गई है।

रशिया टुडे की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिकी बी–1बी लांसर बमवर्षक ब्रिटेन के आरएएफ फेयरफोर्ड एयरबेस से उड़ान भरकर मिडिल–ईस्ट की ओर रवाना हुआ। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

ईरानी मीडिया ने भी सीरिया में एयर डिफेंस गतिविधियां बढ़ने की जानकारी दी है।

ईरान के सुरक्षा प्रमुख मोहसिन रेजाई के मुताबिक, कतर के जरिए अमेरिका तक सात मांगें पहुंचाई गई हैं। इनमें सभी मोर्चों पर युद्ध रोकना, विदेशों में फ्रीज ईरानी फंड जारी करना और नौसैनिक नाकाबंदी खत्म करना शामिल है। ईरान अब ट्रम्प के जवाब का इंतजार कर रहा है।

वहीं सऊदी अरब ने दावा किया कि हूतियों ने रियाद पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागने की कोशिश की, जिन्हें सऊदी सेना ने रोक दिया। हूती प्रवक्ता ने कई मिसाइलों और ड्रोन से हमले की बात कही है। दूसरी ओर नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नर्गिस मोहम्मदी ने कहा कि युद्ध, आर्थिक संकट और दमन का सबसे ज्यादा असर आम लोगों पर पड़ रहा है।

# यूजीसी विरोध में 200 ट्रैक्टरों से आगरा में लगाया जाम



## कलेक्ट्रेट कूच रोकने पर पुलिस से प्रदर्शनकारियों की झड़प

## जेसीबी-बुलडोजर लगाए, एक्सप्रेसवे पर लगा लंबा जाम

**यूनिक समय, आगरा।** यूजीसी के नए नियमों के विरोध में रविवार को आगरा में बड़ा प्रदर्शन हुआ। यूजीसी मुक्ति मोर्चा के आह्वान पर सवर्ण समाज के करीब 1500 युवक करीब 200 ट्रैक्टरों के साथ सड़क पर उतर आए। प्रदर्शनकारी मुड़ी चौराहे से कलेक्ट्रेट का घेराव करने के लिए निकले थे। पुलिस और पीएसी ने उन्हें रोकने के लिए जगह-जगह बैरिकेडिंग के साथ जेसीबी, बुलडोजर और हाइड्रा तैनात किए।






पुलिस की नाकेबंदी के बावजूद प्रदर्शनकारी खेतों और वैकल्पिक रास्तों से आगे बढ़ते रहे। नादऊ चौराहे के पास पुलिस ने रास्ता रोकने की कोशिश की तो प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। भीड़ बैरिकेडिंग पार कर आगे बढ़ गई। कुछ प्रदर्शनकारी यमुना एक्सप्रेसवे तक पहुंच गए और वहां सड़क पर खड़े होकर नारेबाजी शुरू कर दी। इससे एक्सप्रेसवे पर वाहनों की कतार लग गई और यातायात प्रभावित हुआ। प्रदर्शनकारियों को एक्सप्रेसवे से हटाने के लिए पुलिस अधिकारियों ने समझाने का प्रयास किया। बाद में पुलिस ने उन्हें वहां से हटाया और यातायात बहाल कराया। आगरा पुलिस के अनुसार, एक्सप्रेसवे पर फिलहाल यातायात सुचारू कराया गया है। प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट की ओर बढ़ने की कोशिश करते रहे, जिसके चलते पुलिस ने कई स्थानों पर रास्ते बंद कर दिए। कुछ जगहों पर पुलिस द्वारा लाठी फटकारकर भीड़ को पीछे हटाने की बात सामने आई है।

मोर्चे ने शनिवार देर रात से ही खंदौली थाना क्षेत्र के मुड़ी चौराहे पर धरना शुरू कर दिया था। रविवार को ट्रैक्टर मार्च और कलेक्ट्रेट घेराव का ऐलान पहले से किया गया था। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस और पीएसी की भारी तैनाती की गई थी।

यह आगरा में यूजीसी से जुड़े विरोध प्रदर्शनों का हालिया सिलसिला है। इससे पहले 18 सितंबर को भी एत्मादपुर क्षेत्र में प्रस्तावित ट्रैक्टर मार्च रोकने को लेकर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच टकराव हुआ था।




# हाईटेंशन तार से 50 घरों में अचानक दौड़ा करंट



## एक परिवार के चार बच्चे झुलसे, उपकरण जले

## एक मकान में आग लगी बिजली विभाग जांच में जुटा

**यूनिक समय, फिरोजाबाद।** रसूलपुर थाना क्षेत्र के शांतिनगर आशाबाद में रविवार दोपहर हाईटेंशन लाइन का तार घरेलू बिजली लाइन के संपर्क में आ गया। तेज धमाके के साथ करीब 50 घरों में अचानक करंट दौड़ गया। वोल्टेज बढ़ने से कई घरों के मीटर और बिजली उपकरण जल गए। एक मकान में आग लग गई। हादसे में एक परिवार के चार बच्चे झुलस गए, जिन्हें सरकारी ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, दोपहर करीब एक बजे तेज धमाका हुआ। इसके बाद नारायण सिंह के घर के मीटर में आग लग गई। उस समय परिवार के चार बच्चे संजना (17), नीतू (13), राजन (7) और ऋषभ (8) छत पर थे। आरोप है कि तेज करंट की चपेट में आने से चारों झुलस गए। आसपास के लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

हादसे में कई घरों के टीवी, पंखे और अन्य उपकरण जल गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि हाईटेंशन लाइन मकानों के ऊपर से गुजर रही है। बिजली विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी।

सीओ सिटी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि विभाग से हादसे के कारण की जानकारी मांगी गई है।

विधायक मनीष असीजा ने अस्पताल पहुंचकर बच्चों के परिजनों से मुलाकात की।

# मौत के बाद वेंटिलेटर पर शव रखने का आरोप

## परिजनों ने इलाज के नाम पर पांच लाख वसूली बताई

## पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा, जांच शुरू

**यूनिक समय, आगरा।** एत्माद्दौला क्षेत्र के ट्रांस यमुना स्थित गोयल सिटी हॉस्पिटल में शनिवार को मरीज की मौत को लेकर परिजनों ने हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि शैलेश की मौत 13 सितंबर को हो गई थी, लेकिन अस्पताल ने कई दिन तक उसे वेंटिलेटर पर रखा और इलाज के नाम पर करीब पांच लाख रुपये वसूल लिए। परिजनों के अनुसार, शैलेश 12 सितंबर की रात साइकिल से घर लौट रहा था। कोटकी में एटा रोड पर बस की टक्कर से वह गंभीर घायल हो गया था। उसे रात करीब 11 बजे अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोप है कि डॉक्टरों ने मौत की जानकारी नहीं दी और परिजनों को मरीज से मिलने भी नहीं दिया। शनिवार को गांव के लोग अस्पताल पहुंचे। अंदर जाने पर शैलेश मृत मिला। इसके बाद परिजनों ने हंगामा और सड़क जाम किया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अस्पताल संचालक डॉ. मुकेश गोयल ने आरोपों को गलत बताया। डीसीपी ने जांच के लिए सीएमओ कार्यालय को रिपोर्ट भेजने की बात कही।

# रामगोपाल ने 2027 में सरकार बदलने की बात कही

## फर्जी एनकाउंटरों की जांच कराने का दावा किया

## मेरठ कार्रवाई और कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाए

**यूनिक समय, फिरोजाबाद।** खंजापुर गांव में रविवार को सड़क उद्घाटन और जनसभा के दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि इस सरकार को हटाना है।

रामगोपाल यादव ने कथित फर्जी एनकाउंटरों को लेकर कहा कि सपा की सरकार बनने पर ऐसे मामलों की जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाए।

अलीगढ़ के बन्नादेवी थाने से जुड़े वायरल वीडियो का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार काम नहीं हो रहा है। यूजीसी विवाद पर भी उन्होंने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए।

मेरठ सेंट्रल मार्केट की ध्वस्तीकरण कार्रवाई पर भी यादव ने प्रतिक्रिया दी। वहां 16 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में छह भवनों पर कार्रवाई शुरू हुई थी।

# एशियन गेम्स में अलीगढ़ के दो सितारे उतरेंगे



## गुलवीर तीन दौड़ों में भारत की चुनौती संभालेंगे

## नीरू चार सौ मीटर रिले टीम का हिस्सा होंगी


**यूनिक समय, अलीगढ़।** जापान में होने वाले एशियन गेम्स में अलीगढ़ के दो एथलीट देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इगलास के गदाखेड़ा की नीरू पाठक और अतरौली के सिरसा गांव के गुलवीर सिंह पर जिले के खेलप्रेमियों की नजर रहेगी।

गुलवीर 1500, 5000 और 10 हजार मीटर दौड़ में उतरेंगे। हाल में कामनवेल्थ गेम्स में उन्होंने 10 हजार मीटर में रजत और 5000 मीटर में कांस्य पदक जीता था। वहीं नीरू 4400 मीटर रिले में भारतीय टीम का हिस्सा होंगी। कामनवेल्थ गेम्स में उन्होंने रिले की हीट में टीम को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी।

जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन अध्यक्ष शमशाद निसार आजमी ने दोनों के चयन को अलीगढ़ के लिए गौरव बताया।

एथलेटिक्स मुकाबले 23 सितंबर से शुरू होंगे और दोनों खिलाड़ियों के मुकाबले 24 व 25 सितंबर को प्रस्तावित हैं।

# हाथरस दंगल में 2 .51 लाख की कुश्ती बराबर पर छूटी



## रामेश्वर और हरियाणा के संजय नहीं निकाल सके जीत

## लाड़ी बाबा ने पंजाब के जगावर को दी पटखनी

**यूनिक समय, हाथरस।** ऐतिहासिक 115वें मेला श्री दाऊजी महाराज के अखिल भारतीय कुश्ती दंगल में शनिवार देर रात तक पहलवानों ने जोर आजमाइश की। दंगल की सबसे बड़ी 2 लाख 51 हजार रुपये की कुश्ती भारत केसरी रामेश्वर पहलवान हाथरस और भारत केसरी संजय पहलवान हरियाणा के बीच हुई। दोनों पहलवानों ने एक-दूसरे को चित करने के लिए कई दांव लगाए, लेकिन कोई निर्णायक बढ़त नहीं बना सका। काफी देर चले मुकाबले के बाद कुश्ती बराबरी पर छूटी। वहीं, 51 हजार रुपये की कुश्ती में अयोध्या के लाड़ी बाबा पहलवान ने पटियाला, पंजाब के जगावर पहलवान को हराकर बाजी मारी। उनके शानदार प्रदर्शन से प्रभावित होकर दंगल कमेटी ने 51 हजार रुपये के निर्धारित इनाम में 10 हजार रुपये अतिरिक्त देने की घोषणा की। इस तरह लाड़ी बाबा को कुल 61 हजार रुपये का पुरस्कार मिला।

दंगल में देशभर से आए पहलवानों ने विभिन्न मुकाबलों में दमखम दिखाया। हजारों दर्शक देर रात तक अखाड़े में डटे रहे और पहलवानों का उत्साह बढ़ाया। आयोजन समिति के पदाधिकारी और कुश्ती प्रेमी भी मौजूद रहे।